# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा राष्ट्रपति मुर्मू भी हुईं शामिल

# जय-जय जगन्नाथ

एजेंसी ▶▶ पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का उत्सव शुरू हो चुका है। 53 साल बाद यह यात्रा दो दिन की हो रही है। मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा पर स्नान के बाद भगवान बीमार हो जाते हैं। इस साल भी स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान ठीक हो चुके हैं। रथयात्रा शुरू होने से पहले होने वाली रस्में रविवार को हुईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रथ यात्रा में शामिल हुईं।

भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा रथ में सवार



### पीएम मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी प्रसाद भिजवाया, अमित शाह ने मंगला पूजा की

जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ को भक्त खींच रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी प्रसाद भिजवाया। अमित शाह ने मंगला पूजा की। ओडिशा के अलावा भी कई अन्य राज्यों में रथयात्रा निकाली जा रही है।

### भगवान जगन्नाथ के स्वरूप में महाकाल का श्रृंगार

उज्जैन। रविवार को महाकाल की नगरी भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गुंजायमान रही। महाकाल का श्रंगार भी जगन्नाथ के रूप में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल का पंचामृत पूजन अभिषेक कर देश व प्रदेश के लिए मंगल कामनाएं की। महाकाल दर्शन के बाद वे जगदीश मंदिर पहुंचे थे। जहां भगवान जगन्नाथ का पूजन किया।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## कश्मीर में दो दिन चली बड़ी कार्रवाई, राजौरी में आर्मी कैंप में हमले में जवान घायल

# सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, दो मुठभेड़ों में छह आतंकी ढेर, दो जवान भी शहीद

### पहली मुठभेड़ मोदरगाम गांव और दूसरी फ्रिसल चिन्निगाम गांव में हुई

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से रविवार को चार शव बरामद किए गए। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। चार आतंकवादियों की पहचान की गई है। इनमें अवडोरा, कुलगाम के तौहीद अहमद राथर, दसंद कुलगाम के जाहिद अहमद डार, रेडवानी कुलगाम के यावर बशीर डार और खुरी बटपोरा, कुलगाम का शकील अहमद वानी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

अभियान के बारे में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी। स्वैन ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

- गांव पहुंचने पर आतंकियों ने अचानक कर दी फायरिंग

*दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग जगहों पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। 24 घंटे से अधिक चले ये ऑपरेशन छह आतंकियों की मौत के साथ पूरे हुए। सेना ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में दोनों अभियानों में 6 आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि इन दोनों ऑपरेशन के दौरान दो जवानों की शहादत हुई है।*

- अफसरों का दावा कश्मीर में आतंक का जल्द होगा खात्मा



शहीद





#### सेना के पोस्ट पर की फायरिंग

जम्मू कश्मीर के राजौरी में सेना के शिविर पर आतंकवादी हमले की एक और घटना हुई है। मांझकोट क्षेत्र के ग्लूटी गांव में आतंकियों ने सेना के पोस्ट पर तैनात जवान पर फायरिंग की। फायरिंग में एक जवान घायल हो गया। फायरिंग के दौरान तैनात जवान भी ने आतंकवादियों पर फायरिंग की। घटना सुबह 3:50 बजे हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी भागने में सफल रहे।



**हिजुबल के टीआरएफ गुट से जुड़े थे आतंकी:** मुठभेड़ स्थल से चार आतंकियों के शव बरामद हुए हैं। उनके कब्जे से तीन एके 47 और एक पिस्तौल बरामद की गई है। सूत्रों के अनुसार ये आतंकी हिजबुल मुजाहीदीन के गुट टीआरएफ से जुड़े ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे आतंकी

हाल ही में जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी घटनाएं सामने आई हैं। 27 जून को, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंदोह, भद्रवाह सेक्टर में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया गया था। पिछले महीने, 9 जून की शाम को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादी हमले के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई थी, जिसमें कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी और 33 अन्य घायल हो गए थे।


## खबर संक्षेप

### टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर




नई दिल्ली। बीते साल कैश फॉर क्वैरी कांड के आरोप झेल रहीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा अब नए मामले में फंस गई हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की साइबर यूनिट ने एफआईआर दर्ज की है। महुआ पर एक्स पर अपने पोस्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है।

### वॉट्सएप में फोटो रिप्लाई एडिट का तगड़ा फीचर



नई दिल्ली। वॉट्सएप यूजर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। कंपनी का नया फीचर फोटो के रिप्लाइ और एडिट करने के अंदाज को बदलने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार वॉट्सएप के इस नए फीचर का नाम रिप्लाइ ऐंड एडिट फोटोज है। फोटो के रिप्लाइ और एडिट का काम मेटा एआई का होगा।

### उत्तराखंड में रेड अलर्ट रोकी गई चारधाम यात्रा



देहरादून। उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में दो दिन भारी से बहुत भारी बारिश होने संबंधी मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर चारधाम यात्रा रविवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

## डॉ. यादव मंत्रिमंडल में पहला विस्तार

# मोहन के कुनबे में 'राम'...आज राम निवास रावत लेंगे मंत्री पद की शपथ

### राजभवन में सुबह 9 बजे होगा शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कद्दावर नेता रामनिवास रावत सोमवार को मोहन मंत्रिमंडल में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस छोड़कर वे भाजपा में पहले ही शामिल हो गए थे। राजभवन में सुबह 9 बजे उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। फिलहाल, अभी एक ही मंत्री के शपथ लेने की संभावना है। इसकी सूचना भी सुबह ही मिलेगी। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। दरअसल, वरिष्ठ नेता रावत विधानसभा चुनाव जीत कर तो आ आए थे, किंतु पार्टी में उपेक्षा की वजह से कांग्रेस से उनका मोह भंग हो गया।

इसके बाद ही उन्होंने भाजपा में शामिल होने का मन बना लिया था। एक दिन पहले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलकर उनका इस्तीफा तत्काल स्वीकार करने की मांग की थी। इसके बाद से ही लग रहा था कि जल्दी ही मोहन मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और रावत को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। राजभवन सूत्रों ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया है।

### रामनिवास रावत 30 अप्रैल को भाजपा में हुए थे शामिल

श्योपुर की विजयपुर सीट से 6 बार के विधायक रामनिवास रावत ने 30 अप्रैल 2024 को कांग्रेस छोड़ी थी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और भाजपा ज्वॉइनिंग टोली के मुखिया नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में श्योपुर के एक कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता ली थी। इधर, कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के पास रावत और बीना विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता खत्म करने के लिए पिटीशन लगाई गई है। अब 3 महीने के अंदर विधानसभा अध्यक्ष तोमर को इनकी सदस्यता के मामले में फैसला लेना होगा।

#### राज्यपाल से सीएम ने की मुलाकात

*राजभवन सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री शाम करीब 6 बजे राजभवन पहुंचे थे, उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलकर मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल में अभी मुख्यमंत्री समेत कुल 30 मंत्री हैं। संख्या के हिसाब से कुल 34 मंत्री बनाए जा सकते हैं। रावत के शपथ लेने के बाद भी तीन और मंत्री बनाए जा सकते हैं।*

## आयुष्मान भारत योजना का होगा विस्तार

# 5 नहीं अब 10 लाख हो सकता है बीमा कवर, बजट में ऐलान संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार इसी महीने पूर्ण बजट पेश करने वाली है। इस बार देश में गठबंधन की सरकार बनी है, तो लोगों को इसके लोकलुभावन होने की उम्मीद है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस बजट में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाय) और आयुष्मान भारत योजना को लेकर कुछ बड़े ऐलान किए जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र आयुष्मान भारत योजना ▶▶ शेष पेज 5 पर

## यूक्रेन से युद्ध के दौरान मोदी की यह पहली यात्रा

# पीएम मोदी आज से जाएंगे रूस व ऑस्ट्रिया की 3 दिन की यात्रा पर

### 40 साल में किसी भारतीय पीएम की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिन की यात्रा पर 8 जुलाई को रूस जा रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के बीच यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर यात्रा कर रहे हैं। यह सम्मेलन तीन साल बाद हो ▶▶ शेष पेज 5 पर

## विश्वभूषण हरिचंदन, अनुसुईया उईके और रमेश बैस के 5 साल पूरे

# छत्तीसगढ़ से जुड़े तीन राज्यपालों का कार्यकाल इसी महीने खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ से जुड़े तीन राज्यपालों का कार्यकाल इसी महीने यानी जुलाई में समाप्त होने जा रहा है। इनमें छत्तीसगढ़ के मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का कार्यकाल जुलाई में खत्म होगा। वहीं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और छत्तीसगढ़ में राज्यपाल रहीं और वर्तमान में मणिपुर की राज्यपाल अनुसईया उईके शामिल हैं। हरिचंदन ओडिशा से हैं और अनुसईया उईके पड़ोसी मप्र से हैं। राज्यपाल का कार्यकाल पांच साल का होता है। छत्तीसगढ़ के मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने 23 फरवरी



वीबी हरिचंदन



अनुसईया उईक



रमेश बैस

2023 के यहां राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। वे वर्तमान में अपने पद पर आसीन हैं। इससे पहले वे आंध्रप्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी काम कर चुके हैं। आंध्रप्रदेश में राज्यपाल के रूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मप्र एटीएस की पूछताछ में आतंकी फैजान का खुलासा

### फैजान मुस्लिम युवाओं को सुनाता था भारत विरोधी जेहादी गाना

# लोन वुल्फ अटैक के निशाने पर थे सुरक्षा बल और जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारत के खिलाफ जेहादी गाना खंडवा से गिरफ्तार आतंकी फैजान शेख मुस्लिम युवाओं को सुनाता था। वह मुस्लिम युवाओं को भारत के विरोध में भड़काता था। फैजान ने गुरदासपुर, अमृतसर, पठानकोट, पुलवामा, भटकल, बैंगलोर, अहमदाबाद, साबरमती, दिल्ली, नेपाल बॉर्डर, मुंबई आदि जगहों की रेकी की। उसने देश के अधिकतर उन स्थानों की रेकी की, जहां-जहां आतंकी हमले हुए हैं। वह 2012 से इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के साथ जुड़कर भारत में दोबारा आईएम को खड़ा करना चाहता था। एटीएस की पूछताछ में आतंकी फैजान शेख ने बताया कि उसकी लोन वुल्फ अटैक की योजना थी। उसके निशाने पर सुरक्षा बल के अधिकारी और जवान थे। वह लगातार सुरक्षा बल के जवानों और उनके परिजनों की रेकी कर रहा था। वह ऐसा ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### तीन साल में किया 55 आरोपियों को गिरफ्तार

मप्र एटीएस ने बीते तीन साल में प्रदेश में संक्रिय सिमी, पीएफआई, आईएसआईएस, जेएमबी, एचयूटी, एआई-सूफा और एनडब्ल्यूई की गतिविधियों पर लगातार निगरानी कर रही है। तीन साल में मप्र एटीएस ने 55 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद, राष्ट्रविरोधी साहित्य, आपत्तिजनक दस्तावेज एवं डिजिटल उपकरण जप्त किए हैं।

## मुंबई में एक और 'हिट एंड रन' केस

### शिवसेना के शिंदे गुट के नेता का बेटा चला रहा था कार पुलिस केस को मोड़ने कह रही-ड्राइवर चला रहा था कार

कार का बीमा नहीं था, बीमा की अवधि समाप्त हो चुकी थी

पुलिस जांच कर रही है कि क्या आरोपी शराब पीकर गाड़ी चला रहा था?

हादसे के बाद आरोपी ने कालानगर में कार को लावारिस हालत में छोड़ दिया था

# वर्ली में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने बाइक को मारी टक्कर महिला को 100 मीटर तक बोनट पर घसीटा, मौत हुई

जब कार को पुलिस स्टेशन लाया गया तो कार की नंबर प्लेट हटा दी गई थी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पुलिस किसी को नहीं बचाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के वर्ली में रविवार सुबह करीब 5.30 बजे अटरिया मॉल के पास एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक दंपती की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला कार के बोनट पर 100 मीटर तक घसीटती चली गई, जिससे उसकी ▶▶ शेष पेज 5 पर





#### शिवसेना नेता हिरासत में, बेटे का फोन बंद, पुलिस ने उसकी गर्लफ्रेंड को बुलाया



*इस मामले में शिंदेसेना नेता राजेश शाह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने कार चला रहे उसके बेटे मिहिर शाह की गर्लफ्रेंड को पूछताछ के लिए बुलाया है। कार चला रहा मिहिर शाह फरार हो गया। उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। घायल का कहना* ▶▶ शेष पेज 5 पर

# वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात को लेकर केजरीवाल की याचिका पर आज सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

## निचली अदालत के एक जुलाई के आदेश को चुनौती दी, 30 मुकदमों का सामना करने का दावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपने वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

याचिका न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। केजरीवाल ने निचली अदालत के एक जुलाई के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जेल अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों से सप्ताह में दो अतिरिक्त मुलाकात की अनुमति देने के निर्देश देने संबंधी अर्जी को खारिज कर दिया गया था। वर्तमान में, केजरीवाल को सप्ताह में दो बार अपने वकीलों से मुलाकात की अनुमति है। निचली अदालत के समक्ष दायर याचिका में केजरीवाल ने कहा कि वह देश भर में लगभग




30 मुकदमों का सामना कर रहे हैं और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार के आधार पर उन्हें इन मामलों पर चर्चा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त मुलाकात की जरूरत है। अदालत ने अर्जी खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के वकील यह बताने में विफल रहे हैं कि वह उन्हीं आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दो अतिरिक्त मुलाकात का हकदार कैसे हैं, जिन पर पहले के आदेश में चर्चा की गई थी और निपटारा कर दिया गया था। अलग-अलग याचिकाओं में केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है और जमानत का भी अनुरोध किया है। दोनों याचिकाएं हाईकोर्ट में लंबित हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में अभी भी न्यायिक हिरासत में बंद हैं। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें धन शोधन मामले में निचली अदालत ने 20 जून को जमानत दे दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा आबकारी नीति बनाने और क्रियान्वयन से जुड़ी कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच के आदेश देने के बाद 2022 में इस नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलकर दिल्ली देहात के लंबित मुद्दों के समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर उनके सम्मुख दिल्ली देहात से जुड़े वर्षों से लंबित कई मुद्दों के समाधान की मांग को प्रमुखता से उठाया। सोलंकी ने जो मांगें रखी उनमें दिल्ली में बंद म्यूटेशन प्रक्रिया को पुनः बहाल करना, जमीन अधिग्रहण के बदले लोगों को अल्टरनेटिव प्लॉट दिए जाने, ग्राम सभा की जमीनों का डीडीए द्वारा अधिग्रहण पर रोक लगाकर उनका इस्तेमाल गांव देहात के लोगों को जन सुविधाएं उपलब्ध कराने व विकास कार्यों में इस्तेमाल किया जाना, जमीन अधिग्रहण पर पड़ोसी राज्यों की तुलना में दिल्ली में मिल रही कम मुआवजा राशि को उचित मात्रा में बढ़ाया जाना, धारा 81 और धारा 33 को खत्म किया जाए और इसके तहत दर्ज पुराने मुकदमों को वापस लेना, दिल्ली देहात के क्षेत्र को सरकार द्वारा विशेष दर्जा दिया जाना प्रमुख है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही दिल्ली के अंदर जिनकी जमीन ली गई, उनको अल्टरनेटिव प्लॉट दिए जाने थे। लगभग 10 हजार ऐसे मामले लंबित हैं मगर उस पर भी दिल्ली सरकार कोई विचार या फैसला नहीं कर रही है। इसलिए हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द उपरोक्त सभी प्रमुख मुद्दों का समाधान किया जाए।

### साइबर पुलिस की कार्रवाई: ठगों को कमीशन पर उपलब्ध करवाते थे बैंक खाते

# बिहार व झारखंड से छह साइबर ठग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने कमीशन के आधार पर अपने बैंक खाते बेचने और ठगी में लिप्त छह लोगों को बिहार तथा झारखंड से गिरफ्तार किया है। इनके नाम रोशन कुमार शुक्ला, शिवेंद्र कुमार, तुशार कर्माकर, सागर कर्माकर, राहुल पात्रो और राजू पात्रो बताये गये हैं।

डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार गत वर्ष एक महिला ने ऑनलाइन विज्ञापन देखा था। उसमें एक व्यक्ति ने अपने बीमार रिश्तेदार के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। महिला ने पोस्ट के नीचे अपना फोन नंबर दिया। दो दिसंबर को महिला को एक अज्ञात नंबर से कॉल कर व्यक्ति ने कहा कि उसके रिश्तेदार को इलाज के लिए रुपयों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ देर बाद उसने फिर फोन कर कहा कि उसका मित्र रोशन कुमार शुक्ला भी महिला को इसी संबंध में फोन करेगा। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता को दूसरे मोबाइल नंबर से 'व्हट्सएप' के माध्यम से फोन आया।

#### अलग-अलग बैंक खातों में 36 लाख रुपये जमा

तीन दिसंबर को शिकायतकर्ता ने मदद के तौर पर तीन लाख रुपये भेज दिए। इसके बाद आरोपियों ने फोन बंद कर दिया। केस दर्ज होने पर पुलिस ने खातों की जांच की तो पता चला कि अलग-अलग बैंक खातों में करीब 36 लाख रुपये रुपये जमा किए गए हैं। पुलिस ने रोशन को बिहार के बेतिया से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि उसने अपने सभी बैंक खातों का विवरण अपने साथी शिवेंद्र कुमार के साथ कमीशन पर साझा किया था। बाद में बैंक विवरण अन्य साथी मंटू ठाकुर तथा विकास ठाकुर के साथ साझा किया गया था। बाद में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## एयरपोर्ट पर नौकरी का झांसा देने वाला ठग पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सीआईएसएफ ने आईजीआई एयरपोर्ट पर एक ठग को पकड़ दिल्ली पुलिस को सौंपा है। इस पर नौकरी देने के नाम पर ठगी करने का आरोप है। आरोपी का नाम पवन बैरवा बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को लगभग 3:20 बजे सीआईएसएफ की निगरानी टीम ने प्रस्थान क्षेत्र में एक शख्स की संदिग्ध गतिविधि देखी। उस पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से निगरानी रखी गई। संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उसे रोका गया और जब उससे पूछताछ की गई तो वह सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। बाद में पता चला कि वह 3-4 अन्य सहयोगियों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट पर कार्यरत एक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने आया था। जब उसके दस्तावेजों और फोन की जांच की गई तो उसके फोनपे खाते पर कुछ संदिग्ध लेनदेन पाए गए। इससे पता चला कि वह नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि चितरंजन कुमार नामक शख्स ने नौकरी के लिए बैरवा को 25 हजार रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया था। बैरवा ने पैसा प्राप्त करने और ठगी की बात स्वीकार की। बैरवा को शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आईजीआई पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इलेक्ट्रिक बाइक बेचने के बहाने ठगी करने वाला गैंग बेनकाब, एक धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



द्वारका पुलिस ने इलेक्ट्रिक बाइक व स्कूटर के नाम पर ठगी के रैकेट का खुलासा किया है। इस सिलसिले में अभी एक जालसाज युवक को अरेस्ट किया गया है। आरोपी का नाम सम्मी कुमार (35) बताया गया है। यह ठगों को कमीशन पर अपना बैंक अकाउंट उपलब्ध करवाता था। पुलिस गैंग में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार आयुष्मान अस्पताल सेक्टर 10, द्वारका के मैनेजर ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी थी। आरोप लगाया कि उन्होंने अस्पताल में उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक खरीदने के लिए गूगल पर सर्च किया था। वहीं पर जालसाजों से उनका संपर्क हुआ। इलेक्ट्रिक बाइक स्कूटी के लिए 1,18,999 रुपये का फर्जी कोटेशन उन्हें भेजा गया। इसके लिए पीड़ित राजी हो गए और आठ इलेक्ट्रिक बाइक स्कूटर के लिए बुकिंग हेतु 2,63,992 रुपये की राशि का भुगतान कर दिया। बाद में उन्हें खुद के साथ ठगी का अहसास हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने उस बैंक खाते का विवरण हासिल किया जिसमें रकम भेजी गई थी। खाते का कनेक्शन धनबाद झारखंड में मिला, जिसके बाद आरोपी के मोबाइल को सर्विलांस पर लेकर ट्रेस कर धाता धारक को दबोच लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया उसने अपने बैंक खाते को कमीशन पर दिया हुआ था। इसके बदले उसे 20 से 30 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

## 71 मामलों में शामिल वांटेड बदमाश दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने 71 अपराधों में शामिल एक वांटेड बदमाश को अरेस्ट किया है। मोहम्मद अफसर (37) के पास से एक पिस्टल और चार कारतूस भी बरामद हुये हैं। आरोपी मंगोलपुरी थाने का घोषित अपराधी है। इसने विजय विहार इलाके में छह मार्च को दिनदहाड़े फायरिंग कर दहशत भी फैलाई थी। डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के नजदीक ट्रैप लगाकर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी कश्मीरी गेट की तरफ से अपने किसी साथी से मिलने के लिए आया था। इसके खिलाफ शालीमार बाग लूट केस में गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। पिस्टल और कारतूस मिलने पर आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया है। आरोपी पर लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट जैसे संगीन मामले दर्ज मिले हैं।

# दिल्ली सरकार 90 हजार बुजुर्गों को करवा चुकी है निशुल्क तीर्थ यात्रा

## अब तक भेजी जा चुकी हैं 92 ट्रेन, मानसून के बाद बुजुर्गों को फिर कराई जाएगी यात्रा

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार अब तक 92 वातानुकूलित ट्रेनों के माध्यम से करीब 90 हजार बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ यात्रा करवा चुकी है। आगे मानसून ठीक होने जाने के फिर यात्रा शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली कैबिनेट ने 9 जनवरी 2018 को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद 2019 में तीर्थ यात्रा के लिए पहली ट्रेन भेजी गई थी। इसके बाद दिल्ली सरकार ने लगातार ट्रेनों को भेज कर दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाई।




दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दिल्ली के बुजुर्गों को निशुल्क यात्रा करवाती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। जिन बुजुर्गों का चयन होता है। उन्हें दिल्ली सरकार वातानुकूलित ट्रेनों में बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाती है। तीर्थ यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को कोई परेशान न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाता है। उन्हें एसी होटलों में ठहरा जाता है और अच्छे भोजन की व्यवस्था की जाती है। दिल्ली सरकार तीर्थ यात्रियों के उनके घर से रेलवे स्टेशन तक और वापस घर पहुंचाने तक के लिए परिवहन की जिम्मेदारी लेती है। इसके अलावा, हर तीर्थयात्री को एक किट दी जाती है, जिसमें बेडशीट, छाता, कंबल, तौलिया और स्नान किट समेत अन्य जरूरी वस्तुएं होती हैं, ताकि उनको यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। दिल्ली तीर्थ यात्रा विकास समिति के चेयरमैन कमल बंसल ने बताया कि अभी मानसून की स्थिति को देखते हुए अगली तीर्थ यात्रा की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मानसून ठीक हो जाने के बाद ही दिल्ली सरकार पहले की तरह बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाएगी।

#### इन तीर्थ स्थलों का दर्शन कराती है दिल्ली सरकार

दिल्ली सरकार रामेश्वरम, द्वारकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, जगन्नाथपुरी, बाबा महाकाल, शिरडी में तमकेश्वर, तिरुपति बालाजी, अयोध्या, माता वैष्णो देवी, पुष्कर, फतेहपुर सीकरी, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, करतारपुर साहिब, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार के दर्शन अपने खर्चे पर करवाती है। पात्र यात्री अपनी मनपसंद यात्रा को चुन सकते हैं।

#### यात्रा के लिए करना होता है ऑनलाइन आवेदन

तीर्थ यात्राओं में भाग लेने के लिए सभी तीर्थ यात्रियों को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन करना होता है। आवेदनों की जांच पड़ताल के बाद दिल्ली सरकार इच्छित तीर्थ स्थलों तक बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवाती है। दिल्ली सरकार चयनित तीर्थ यात्रियों को वातानुकूलित ट्रेनों में बैठाकर बहुत ही आरामदायक तीर्थ यात्रा करवाती है। दिल्ली सरकार तीर्थ यात्रियों के उनके घर से रेलवे स्टेशन तक और वापस घर पहुंचाने तक के लिए परिवहन की जिम्मेदारी लेती है। तीर्थ यात्रियों को ट्रेन से ले जाने के साथ ही उनके लिए एसी होटल बुक करवाती है, समय से खाने-पीने और दर्शन की व्यवस्था करवाती है और एक भी मौका ऐसा नहीं आने देती जहां बुजुर्गों को किसी भी समस्या का सामना करना पड़े। इसके अलावा, हर तीर्थयात्री को एक किट दी जाती है, जिसमें बेडशीट, छाता, कंबल, तौलिया और स्नान किट समेत अन्य जरूरी वस्तुएं होती हैं, ताकि उनको यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### क्या है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

दिल्ली में रहने वाला 60 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र का कोई भी निवासी स्थानीय विधायक से प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद इस योजना का लाभ उठा सकता है। प्रत्येक यात्री के साथ 21 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र का एक अटेंडेंट जा सकता है। अटेंडेंट का खर्च भी सरकार उठाती है।

### 'एकेडमिक काउंसिल की बैठक में रखी जाए प्रो. काले कमेटी की रिपोर्ट'

**नई दिल्ली।** फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन व महासचिव प्रोफेसर के.पी. सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि आगामी 12 जुलाई 2024 को हो रही एकेडमिक काउंसिल की बैठक में प्रिंसिपल पदों पर आरक्षण व रोस्टर रजिस्टर तैयार कर उन्हें भरने संबंधी, प्रोफेसर पदों पर आरक्षण तथा इन पदों का बैकलॉग व शॉटफाल पूरा करने तथा शैक्षिक व गैर-शैक्षिक पदों को डीओपीटी, यूजीसी गाइडलाइंस -2006 को लागू करते हुए प्रोफेसर काले कमेटी द्वारा सुझाए गए नियमों के तहत पालन करते हुए भरे जाने संबंधी जो निर्देश दिए हैं और उन्हें बैठक में पेश कर उस पर चर्चा कराने की मांग की है। बता दें कि प्रोफेसर काले कमेटी की रिपोर्ट वर्ष 2016 में दिल्ली विश्वविद्यालय को सौंप दी थी लेकिन रिपोर्ट जमा किए आठ साल हो गए उसे आज तक एकेडमिक काउंसिल में नहीं रखा गया।

## जनता ने खरीदे मनपसंद आम, मंत्री भारद्वाज ने की किसानों की हौसला अफजाई

# मैंगो फेस्टिवल: अंगूर के वजन का आम बना रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित 33वां मैंगो फेस्टिवल इस बार दिल्ली हाट जनकपुरी में आयोजित किया गया है।

5 से 7 जुलाई तक चले इस मैंगो फेस्टिवल का उद्घाटन पर्यटन विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया था। इस वर्ष भी देश के कोने-कोने से आम की खेती करने वाले किसान अपने आमों की वैरायटी प्रदर्शित करने के लिए इस मैंगो फेस्टिवल में पहुंचे। लगभग 500 से भी अधिक किस्म के आमों को इस मैंगो फेस्टिवल में इस बार प्रदर्शित किया गया। मैंगो फेस्टिवल में मैंगो की प्रदर्शनी के साथ-साथ कल्चरल



प्रोग्राम का भी प्रबंध किया गया है। यह फेस्टिवल प्रतिदिन सुबह 12 से शुरू होकर रात को 9 बजे तक चला। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मैंगो फेस्टिवल में लगे हुए लगभग 500 से भी अधिक किस्म के आमों की प्रदर्शनी का भ्रमण किया। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रदर्शनी में मौजूद किसानों से बातचीत की और भिन्न-भिन्न प्रकार के आमों के बारे में जानकारी ली। आमों के लिए सबसे मशहूर उत्तर प्रदेश का क्षेत्र मलिहाबाद से आए एक किसान ने मंत्री सौरभ भारद्वाज को बताया कि इस बार वह लगभग 300 से अधिक किस्म के आम मैंगो फेस्टिवल में प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने अलग-अलग आमों के बारे में मंत्री सौरभ भारद्वाज को जानकारी दी तथा अपने इस बार के कुछ सबसे अलग किस्म के आमों का स्वाद भी मंत्री सौरभ भारद्वाज को चखाया। प्रदर्शनी में मौजूद वेस्ट बंगाल से आए एक किसान ने बताया कि इस बार वह लगभग 60 से 70 किस्म के आम इस प्रदर्शनी में लेकर आए हैं।आम प्रदर्शनी में एक किसान ने मंत्री भारद्वाज को अपने सबसे खास आमों में से कुछ आम की वैरायटी दिखाई। इस किसान ने व्यक्ति ने मात्र अंगूर के बराबर का एक आम मंत्री भारद्वाज को दिखाया। साथ ही साथ दूसरी और लगभग 1 किलो के वजन का आम भी उस किसान ने मंत्री सौरभ भारद्वाज को दिखाया। यह अपने आप में हैरान करने देने वाली एक घटना थी, कि जहां प्रदर्शनी में एक तरफ मात्र अंगूर के बराबर के वजन का आम रखा था, वहीं दूसरी ओर लगभग 1 किलो के वजन का आम भी प्रदर्शनी में मौजूद था। वहीं मलिहाबाद के साथ-साथ सीतापुर और वेस्ट बंगाल, से आए किसानों ने भी मंत्री सौरभ भारद्वाज को अपने प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए आमों की महत्ता के बारे में जानकारी दी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सभी किसानों की हौसला अफजाई की और सभी को शुभकामनाएं दी। मैंगो फेस्टिवल में दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्र के लोग भारी संख्या में पहुंचे और उन्होंने अपने मनपसंद आम खरीदे। इस फेस्टिवल में तरह-तरह की किस्म के आमों का आनंद लेने का ऐसा मौका दिल्ली की जनता को साल में एक बार ही मिल पाता है और दिल्ली की जनता इस मौके का भरपूर फायदा उठा रही है। न केवल जनता को अलग-अलग किस्म के आमों की जानकारी मिल रही है, बल्कि अलग-अलग किस्म के आमों का स्वाद चखने का भी एक अनोखा मौका मिल रहा है और दूसरी और देश के कोने-कोने से आए आम के किसानों को भी आम बेचकर खासी आमदनी हो रही है।

#### प्रदर्शनी में रखी गई थी आमों की ये किस्में

इस मैंगो फेस्टिवल में भिन्न-भिन्न प्रकार के आम जैसे राम केला, केसर चौसा, रटोल, हुस्नरा, आम्रपाली, फ़ाज़ली, गुलाब जामुन, लंगड़ा, तोतापरी, दशहरी आदि आमों की किस्में प्रदर्शित की गई थीं। फेस्टिवल को और आकर्षक बनाने के लिए दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया था।

### ब्राह्मण समाज ने एक स्वर में किया एकजुट होने का आह्वान

**नई दिल्ली।** बुराड़ी गांव में रविवार को ब्राह्मण समाज की एक बड़ी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक का आयोजन राष्ट्रीय ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ, बुराड़ी 12 खाप के प्रधान तेजप्रताप भारद्वाज द्वारा किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के संयोजक राधे श्याम शर्मा और अध्यक्ष ईश्वर दत्त वत्स ने शिरकत की। जबकि इस मौके पर योग दत्त कौशिक, करतार सिंह पहलवान, सुनील शर्मा कमांडो प्रधान, करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, कपिल गौड़ आदि मौजूद थे। अपने संबोधन में अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज बुद्धिजीवी होने के बावजूद बिखरा हुआ नजर आता है। आधुनिकता के इस बदलते परिवेश में ब्राह्मण समाज के लोग अपने रीति रिवाजों, संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे समाज के युवा पथभ्रष्ट होकर गलत मार्ग पर ना चलें। वक्ताओं ने कहा कि सभी महिलाओं का सम्मान करें और बुजुर्गों की सेवा करें।

# कैबिनेट मंत्री के नेतृत्व में कालकाजी विधानसभा में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को और ग्रीन बनाने की मुहिम के तहत केजरीवाल सरकार ने इस साल शहर भर में 65 लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत पूरी दिल्ली में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कैबिनेट मंत्री आतिशी के नेतृत्व में उनकी विधानसभा कालकाजी में एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कालकाजी विधानसभा के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया है इसके तहत कालकाजी विधानसभा में योगा पार्क, पॉकेट-ए सुखदेव विहार, तिकोना पार्क, एच ब्लॉक, कालकाजी, श्याम सुंदर पार्क, सी ब्लॉक, कालकाजी, इनर सर्किल पार्क बी-ब्लॉक कालकाजी और जी-ब्लॉक पार्क कालकाजी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही आने वाले दिनों में कालकाजी के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक कालकाजी व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने भी आम, आंवला, अशोक सहित कई पौधे लगाए।

### दिल्ली ने इस साल अप्रत्याशित गर्मी का किया सामना, भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति पैदा न हो उसके लिए पेड़-पौधे लगाना सबसे कारगर उपाय : आतिशी

लोगों को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी साथ मिलकर ही अपने शहर को साफ-सुंदर और हरा भरा बना सकते है। इसलिए सभी व्यक्ति को प्रण लेना चाहिए कि वो पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दे और एक साफ़-सुथरी हरी-भरी दिल्ली के निर्माण में भागीदार बनें।

उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली में अप्रत्याशित गर्मी पड़ी। तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया और पूरी दिल्ली की हीटवेव के साथ तपती गर्मी का सामना करना पड़ा। ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसके लिए सबसे कारगर उपाय वृक्षारोपण ही है। हम जितने पेड़-पौधे लगाएंगे, हमारा पर्यावरण उतना ही बेहतर बनेगा और ऐसे अप्रत्याशित गर्मी की स्थिति पैदा नहीं होगी।



## खबर संक्षेप

### मुंडका हाट स्टेशन से नजफगढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन के बीच 4.5 किमी लंबे ड्रेन का होगा निर्माण

**नई दिल्ली।** किराड़ी क्षेत्र में होने वाले जलजमाव को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार नजफगढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन और मुण्डका हाट रेलवे स्टेशन के बीच 4.5 किमी लंबे ड्रेन का निर्माण करवायेगी। 4.5 किमी लंबे मुख्य ड्रेन के निर्माण से लोगों को बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव से राहत मिलेगी। ड्रेन के बनने से तेज बरसात में भी तेज़ी से जल-निकासी हो सकेगी और इससे किराड़ी विधानसभा के कई कॉलोनियों को राहत मिलेगी। बता दें कि तेज बरसात के दौरान किराड़ी विधानसभा के कई हिस्सों में नालियों के ओवरफ्लो होने से बरसात के पानी की निकासी में समय लगता है और जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। इस समस्या को लेकर लोग परेशान थे, जिसपर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल सरकार ने नज़फ़गढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन और मुण्डका हाट रेलवे स्टेशन के बीच 4.5 किमी लंबे मेन ड्रेन को बनवाने का निर्णय लिया है। ड्रेन के निर्माण के बाद कॉलोनियों की नालियों का आउटफॉल इस बड़े नाले के साथ जुड़ जाएगा और बरसात के दौरान कॉलोनियों से तेज़ी से पानी की निकासी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि ड्रेन का निर्माण रेलवे लाइन के साथ होना है। इस बाबत दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग, भारतीय रेलवे के साथ जल्द एक एमओयू हस्ताक्षर करेगा।

### भाजपा और केजरीवाल सरकार के खिलाफ कांग्रेस निभा रही है मुख्य विपक्ष की भूमिका : देवेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि राजधानी में केजरीवाल सरकार के खिलाफ मुख्य रूप से कांग्रेस ही विपक्ष की अहम भूमिका निभा रही है। इसी प्रकार भाजपा के खिलाफ भी कांग्रेस ही अपनी विपक्ष के दायित्वों को निभाने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन से बचने के लिए दिल्ली वाले अब केवल कांग्रेस की ओर देख रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गत 10 वर्षों से बैठी केजरीवाल सरकार जमकर भ्रष्टाचार कर रही है। और अब दो वर्षों में निगम पर काबिज केजरीवाल सरकार एमसीडी को कंगाल करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि जबकि इससे पहले निगम में 15 साल तक भाजपा ने भ्रष्टाचार किया।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक के उद्घाटन सत्र को किया सम्बोधित

# दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए हमें अभी से करनी पड़ेगी मेहनत : पीयूष गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए हमें अभी से ही मेहनत करनी पड़ेगी। यह बात रविवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में हुई दिल्ली भाजपा की पहली विस्तारित कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कही। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने की। गोयल ने कहा कि दिल्ली के अंदर दिल्ली सरकार केंद्र सरकार की कोई भी योजना नहीं लागू होने देती। दिल्ली में आधारभूत सुविधाओं के साथ ही झुग्गी झोपड़ी से लेकर अन्य विकास कार्य मोदी सरकार ने किए हैं। आने वाले 2025 की विधानसभा चुनाव में भाजपा को लाने के लिए हमें लगातार अभी से मेहनत करनी पड़ेगी ताकि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आने के बाद हम विकास कार्य कर पाएंगे क्योंकि अभी तक आयुष्मान योजना से लेकर अन्य केंद्र की योजना उपलब्ध नहीं है क्योंकि यहां की सरकार ने उसे लागू नहीं होने दिया। गोयल ने कहा कि दिल्ली में सातों सीटों की जीत साधारण नहीं है और दिल्ली का योगदान अमूल्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय सिर्फ विकास कार्यों की विजय है वे लगातार देश हित में देशवासियों की सेवा करते रहे। लेकिन यह दुखद है कि एक बालक बुद्धि नेता को नहीं समझ आ रहा है कि देश की जनता ने तीसरी बार उनकी 100 से कम सीटें रही और 13 राज्यों में उनका खाता तक नहीं खुला। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में अगर कोई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है तो वह भाजपा है। कांग्रेस सिर्फ परजीवी पार्टी बनकर रह गई है और बैसाखी के बगैर वह कोई भी राज्यों में चुनाव जीत नहीं सकती है। दिल्ली में तो चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर लड़ा लेकिन बावजूद उसके 54 फीसदी वोट भाजपा को देकर दिल्लीवासियों ने साबित किया कि वह पीएम मोदी के साथ खड़ी है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ऊर्जा के साथ हम आगे काम करेंगे और यह देश तीन गुना आगे बढ़ेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने में हम काम करेंगे। इसके अलावा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के लिए लगातार आगे भी काम करती रहेगी। नारी शक्ति सम्मान में मोदी सरकार सदैव तत्पर रहे। एक करोड़ लखपति दीदी बनाना और आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनने का संकल्प भी लिया है। 11 करोड़ घर में मुफ्त में शौचालय बनाकर एक जीवन जीने के तरीके में बदलाव लाया है। आज भारत में 1.31 लाख स्टार्टअप भारत में है जो नए आइडिया के साथ जुड़े हैं। जिससे उम्मीद जगी कि इसमें दिल्ली की केजरीवाल सरकार भी काम करेगी लेकिन जब पता चला सिर्फ 60 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना दिल्ली के अंदर शुरू हुए जबकि उसके लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक का इस्तिहार पेपर और टीवी में दिए हैं। 80 हजार करोड़ रुपए के बजट वाली सरकार ने दिल्लीवासियों के टैक्स के पैसे सिर्फ अपने विज्ञापन में और अन्य फिजूल खर्चों में बर्बाद किए है। मुझे उम्मीद है कि जिस मेहनत के साथ आपने लोकसभा में सभी सीटें जिताने में योगदान दिया है ठीक वही योगदान विधानसभा में भी मिलेगा।




### सीएम ने 50 करोड़ से अधिक का बंगला बना कर दिल्ली को किया शर्मसार : सचदेवा

प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कोरोना काल में सीएम अरविंद केजरीवाल ने 50 करोड़ से अधिक का बंगला बना कर दिल्ली को शर्मसार किया है। दिल्ली की जनता आज एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। नल से जल देने का वादा करने वाली दिल्ली सरकार टैंकर माफियाओं के हाथों बिकी हुई सरकार है। जल बोर्ड में बड़े घोटाले करने के अलावा दिल्ली सरकार की घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। सचदेवा ने कहा कि जितनी मेहनत हमने लोकसभा में की है उससे चार गुना मेहनत करके दिल्ली की भ्रष्टाचार में संलिप्त केजरीवाल सरकार को दिल्ली से उखाड़ कर फेंकने का काम हमें करना है।

प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री ने संगठनात्मक गतिविधियों का लेखा जोखा रखा। वहीं प्रदेश सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर ने संगठनात्मक मार्ग दर्शन रखा और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने समापन सत्र को सम्बोधित किया। वहीं बैठक में सभी सांसदों ने अपना विकास कार्य रोड़ मैप रखा। स्टेडियम परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गत 10 वर्ष की उपलब्धियों के साथ ही दिल्ली के कार्यकर्ताओं के गत 18 माह के संघर्ष की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यकारिणी मंच पर दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्रों के गत लोकसभा चुनाव के सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले मंडल अध्यक्ष और सर्वश्रेष्ठ बूथ वाले बूथ प्रमुख एवं त्रिदेव को सम्मानित किया। वहीं बैठक में कार्यालय मंत्री ने एक शोक प्रस्ताव भी रखा। बैठक का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया। कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत पंजीकरण महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने किया और गेट पर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा के साथ ही तमिलनाडु के लोक गायकों ने किया।

मंचासीन नेताओं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, दिल्ली की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया, बाँसुरी स्वराज एवं प्रवीन खंडेलवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन, विजेन्द्र गुप्ता एवं आदेश गुप्ता, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह आदि के साथ प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री आदि सम्मिलित हुए।

### सांसद बिधूड़ी द्वारा पेश राजनीतिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

प्रदेश भाजपा की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इस प्रस्ताव का अनुमोदन सांसद योगेन्द्र चंद्रोलिया ने किया और सांसद बांसुरी स्वराज एवं प्रवीन खंडेलवाल ने समर्थन किया। वहीं चर्चा के बाद सांसद मनोज तिवारी ने राजनीतिक प्रस्ताव का पुनः अनुमोदन समर्थन किया। इस राजनीतिक प्रस्ताव बनाने की टीम में हर्ष मल्होत्रा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बाँसुरी स्वराज, सरदार अरविंदर सिंह लवली और प्रवीण शंकर कपूर शामिल रहे।

### पवन राणा ने संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा

संगठन महामंत्री पवन राणा ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और कार्यकारिणी कार्यों को रखते हुए जिला मोर्चा अध्यक्षों से समीक्षा ली। उन्होंने एक पीपी समीक्षा भी रखी। कार्यकारिणी मंच पर दिल्ली के सातों संसदीय क्षेत्रों के गत लोकसभा चुनाव के सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले मंडल अध्यक्ष और सर्वश्रेष्ठ बूथ वाले बूथ प्रमुख एवं त्रिदेव को सम्मानित किया गया। कार्यालय मंत्री बृजेश राय ने एक शोक प्रस्ताव रख गत कार्यकारिणी से अब तक दिवंगत पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजनों की दुखद मृत्यु पर श्रद्धांजली अर्पित की।




नई दिल्ली। त्यागराज नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान उमड़े भक्तगण। फोटोः एजेंसी

## गाजीपुर नाले पर तीन पुलों का निर्माण हुआ पूरा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने गाजीपुर नाले पर तीन पुलों का निर्माण पूरा कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन पर व्यापक मल्टीमॉडल एकीकरण के हिस्से के रूप में इन पुल का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि ये पुल दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का प्रमुख घटक हैं तथा आनंद विहार स्टेशन पर एकीकरण का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि 'रैपिड रीजनल ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) कॉरिडोर के दिल्ली खंड में स्थित आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन अब आनंद विहार मेट्रो स्टेशन से जुड़ गया है और यात्रियों को आवागमन के कई साधनों तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन आनंद विहार मेट्रो स्टेशन की ब्लू और पिंक लाइन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि स्टेशन में प्रवेश के लिए आवश्यक तीन पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा अंतिम रूप देने का काम अभी चल रहा है। गाजीपुर नाले पर नवनिर्मित पुल स्टेशन को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए अहम हैं।



नई दिल्ली। बारिश के कारण ली मेरिडियन के पास धंसी सड़क। फोटोः एजेंसी

## एक्यूआई 60, संतोषजनक हुआ दर्ज

# शुद्ध हवा में खुलकर सांस ले रही है दिल्ली

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दम घोटू कही जाने वाली राजधानी दिल्ली में इन दिनों लोग खुलकर साफ हवा में सांस ले रहे है। इन दिनों दिल्ली की आबोहवा लगभग जहर मुक्त कही जा सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार रविवार को दिल्ली में सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 60 रहा, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। जानकारी अनुसार आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर अपने न्यूनतम अंक 50 एक्यूआई से भी बेहतर हो सकता है। यानी लंबे समय बाद दिल्ली की हवा पहाड़ी क्षेत्रों की भांति दिल्ली में बहने की संभावना है। इस बारे में पर्यावरण वैज्ञानिक एच के वेंकटेशन का कहना है मानसून का मौसम दिल्ली में जहां जलभराव व बाढ़ जैसे हालत लेकर आता है। वहीं दूसरी तरफ राजधानी के लोगों के लिए पहाड़ों जैसी साफ सुथरी हवा भी लेकर आता है। क्योंकि मानसून के दौरान जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा की तरफ से आने वाली हवाएं एकदम साफ सुथरी होती है। इसी प्रकार पूर्वी हवाएं भी लगभग साफ सुथरी होती है। वहीं इस दौरान मिट्टी धूल न के बराबर उड़ती है। एनसीआर क्षेत्र में ईंटों के भट्टे, खदान, बड़े बड़े कंक्रीट मिक्सर प्लांट आदि लगभग न के बराबर कार्य करते है। वहीं शहरों में सड़क निर्माण, सीवर लाइन डालने, भवन निर्माण आदि जैसे कार्य लगभग न के बराबर होते है, जिससे उड़ने वाली मिट्टी धूल लगभग समाप्त हो जाती है। बारिश के कारण हवा में नमी बहुत ज्यादा होती है जिससे हल्के मिट्टी के कण फैल नहीं पाते आदि कारणों का असर दिल्ली में वायु प्रदूषण से निजात दिलाने के रूप में दिखता है। ऐसे में करीब दो महीने राजधानी वाले खुलकर साफ सुथरी, शुद्ध हवा में खुलकर सांस लेते है। वेंकटेशन की माने तो अगले करीब एक महीना दिल्ली वाले पहाड़ों जैसी साफ सुथरी शुद्ध हवाओं में जी सकते है।



### सितंबर के बाद फिर बढ़ सकता है वायु प्रदूषण

सितंबर माह के बाद से दिल्ली में एक बार फिर वायु प्रदूषण बढ़ना शुरू होगी। जबकि अक्टूबर के बाद तो दिन प्रतिदिन वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ना शुरू होगा, जो नवंबर व दिसंबर में दिल्ली वालों के लिए दम घोटने वाला साबित होता है। बता दें कि दिल्ली में हर वर्ष नवंबर दिसंबर महीने में वायु प्रदूषण का ग्राफ बहुत खराब से लेकर गंभीर श्रेणी तक पहुंच जाता है। जिसके चलते लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत से लेकर अन्य परेशानियां झेलनी पड़ती है। हालात इस कदर बिगड़ते है कि कई बार सरकार स्कूलों को बंद तक कर देती है। बावजूद इसके सरकारे पर्यावरण सुधारने के दावों में तो कामयाब होती है लेकिन वास्तव में हालात बद से बदतर होते जा रहे है। ऐसे में इन दिनों दिल्ली वालों के लिए साफ सुथरी और शुद्ध हवा किसी वरदान से कम नहीं मानी जा सकती। बता दें कि एक्यूआई को 1 से 50 अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच को गंभीर प्रदूषण माना जाता है।

# स्थानांतरण के मुददे पर कई शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों ने की एलजी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के स्कूलों के हजारों शिक्षकों के स्थानांतरण के मुददे पर इन दिनों राजनीति गर्म है। ऐसे में रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिलने कई शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर एलजी के अलावा सांसद बांसुरी स्वराज, योगेंद्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत व दिल्ली सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंदर सिंह लवली सहित अन्य मौजूद थे।



शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल सक्सेना से अपील की है कि शिक्षकों के तबादले के मामले में हस्तक्षेप करके उन्हें राहत प्रदान करें। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने एक साथ हजारों शिक्षकों का तबादला करने से आने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत कराया। सबकी बातों को सुनने के बाद उपराज्यपाल सक्सेना ने शिक्षकों को भरोसा दिया है वह इस मामले पर उचित संज्ञान लेंगे। सक्सेना ने कहा कि वह सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहतर सेवा शर्तों के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। सक्सेना ने बताया कि उन्होंने इस मामले पर मुख्य सचिव दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय को सलाह दी है कि वह शिक्षकों से संबंधित हाल ही में दिए गए स्थानांतरण आदेशों पर पुनः सहानुभूतिपूर्ण, समग्र और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाए। इसके अलावा मौके पर मौजूद तीनों सांसद व पूर्व शिक्षा मंत्री लवली ने भी इस मुददे पर अपनी राय रखी।

खबर संक्षेप

## नए सदस्यों ने उद्योग मंत्री का माना आभार

**फरीदाबाद।** ईएसआई हरियाणा स्टेट रीजनल बोर्ड के नवनियुक्त सदस्यों ने उद्योग एवं श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट किया है। हरियाणा के उद्योग एवं श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा की स्वीकृति के बाद हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा दयाचंद यादव उद्योगपति और वजीर डागर कर्मचारी नेता को ईएसआईसी हरियाणा स्टेट का रीजनल बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है।




## विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक



**फरीदाबाद।** भाजपा जिला फरीदाबाद की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में कमल खिला कर केंद्रीय राज्यमंत्री राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को तीसरी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा। अब विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं।

## तमंचा साफ करते समय युवक को गोली लगी

**गाजियाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रोरी में युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई।



पुलिस का दावा है कि तमंचा साफ करते समय युवक को गोली लगी। तमंचा उसे कुछ दिन पहले खेतों में मिला था। सुबह घर पर था। इसी बीच गोली चलने की आवाज आई। परिजन कमरे में पहुंचे तो खून से लथपथ हालत में पड़ा था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## लापता युवक का मॉर्चरी में मिला शव

**फरीदाबाद।** 4 जुलाई से लापता युवक का शव रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत हालत में मिला था, जिसे



नागरिक अस्पताल की मॉर्चरी में मिला। वह मां से झगड़ा कर घर से निकला था। परिजन अस्पताल की मोर्चरी में लावारिस शवों को देखने गए थे। यहां रखा एक शव उनके लापता बेटे का था। उसकी हत्या हुई है या आत्महत्या , इसका पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चलेगा।

## लापता नाबालिग को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** लापता 16 वर्षीय नाबालिग को सीकर राजस्थान से पुलिस चौकी सेक्टर-14 की टीम ने तलाश कर किया सराहनीय कार्य किया है। नाबालिग अपने घर से बिना बताए 29 मई को निकल गई थी। जिसकी सूचना पुलिस चौकी सेक्टर 14 में दी गई। सूचना पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश की जा रही थी। तकनीकी मदद से लड़की का पता लगाया ।

## कोटपा के तहत एसआई का काटा चालान



**फरीदाबाद।** सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर सब इंस्पेक्टर आस मोहम्मद का कोटपा 2003 के अन्तर्गत चालान काटा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। उप निरीक्षक आस मोहम्मद सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान कर रहे थे।

# एक लाख पौधे स्व. गंगा शंकर मिश्र की प्रेरणा से रोपे जाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद एवं जय सेवा फाउंडेशन व विक्टोरा लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से बी के हॉस्टिपल में 225 पौधों लगाए गए। कार्यक्रम



बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ विनय गुप्ता, वशिष्ठ अतिथि डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. एमपी सिंह, डिविजनल कमिश्नर कमलेश शास्त्री ने उपस्थित होकर पर्यावरण की महत्वता के बारे में सभी को अवगत कराया और साथ ही कहा कि हम सभी लोगों को मानव धर्म निभाते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण करना चाहिए। स्व. गंगा शंकर मिश्र के पुत्र प्रतीक मिश्रा ने वहां पहुंचकर सभी पदाधिकारी के साथ त्रिवेणी लगाने का कार्य किया। मिश्रा ने कहा कि मेरे पिताजी का सपना था कि फरीदाबाद में हम एक लाख पौधे लगाए। इस श्रृंखला में विमल खंडेलवाल की टीम के द्वारा 225 पौधे बीके अस्पताल में लगाए जा रहे हैं। मैं इस पुनीत कार्य के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं।

# नूंह में 22 को निकलेगी बृजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

*हरियाणा के नूंह में हिंदू संगठनों की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी सावन के पहले सोमवार 22 जुलाई को बृजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गुरुग्राम से शुरू होगी।*

हरियाणा के नूंह में हिंदू संगठनों की ओर से हर साल की तरह इस वर्ष भी सावन के पहले सोमवार 22 जुलाई को बृजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गुरुग्राम से शुरू होगी। पिछले साल इस यात्रा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़कने से इस यात्रा को बीच में ही रोकना पड़ गया था। गुरुग्राम में जलाभिषेक यात्रा को लेकर हरिद्वार से गंगाजल लाया गया। जो सेक्टर-10 के श्री राधा कृष्ण मंदिर में रखा गया है। यहां पर गंगाजल की पूजा-अर्चना की गई। गंगाजल से भरे कलश को 22 जुलाई तक श्रीकृष्ण मंदिर सेक्टर 10 में पूजा-अर्चना की जाएगी।

*पिछले साल सांप्रदायिक हिंसा भड़कने से इस यात्रा को बीच में ही रोकना पड़ गया था।*




### जिलों से आए भक्त शामिल होंगे

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हिंदू संगठन और साधु संतों के साथ 22 जुलाई को सुबह 8 बजे सेक्टर-10ए के श्री राधा कृष्ण मंदिर से जलाभिषेक यात्रा की शुरुआत होगी, जो गुरुग्राम से नूंह के नल्हड़ प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचेगी। नल्हड़ के शिव मंदिर से यात्रा में सभी जिलों से आए भक्त शामिल होंगे। इसके बाद फिरोजपुर झिरका के झिर मंदिर होते हुए पुन्हाना में महादेव मंदिर से श्रृंगार मंदिर पर यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर यशवंत शेखावत, सुरेंद्र सिंह तंवर, कुलभूषण भारद्वाज, विहिप के राजेश अवस्थी, बजरंग दल के प्रवीण हिंदुस्तानी आदि मौजूद रहे।

## किसानों की पीड़ा को कांग्रेस ने नहीं ,पीएम मोदी ने समझा

# जिलों से लेकर शक्ति केंद्र तक संगठन को अब और अधिक सक्रिय करना होगा

*गुरुग्राम चारों विधानसभाओं में कमल खिलाने के लिए विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक में महामंथन हुआ। जिसमें संगठन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

जिला की चारों विधानसभाओं में कमल खिलाने के लिए विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक में महामंथन हुआ। जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले दिनों में आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। जिला कार्यकारिणी के पहले सत्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिला से लेकर शक्ति केन्द्र स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय करना है। उन्होंने कहा कि संगठन का काम सामूहिक जिम्मेदारी का काम है। हम सबको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। श्री गुर्जर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न तो किसानों की जमीन को छोड़ा और न ही फसल की कीमत दी। कांग्रेस ने किसानों की जमीनों को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास चुनाव में बताने के लिए सिर्फ अतीत में किए गए घोटाले हैं और कलंकित नेतृत्व है जो आज जमानत पर बाहर है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पहले 50 प्रतिशत फसल बर्बाद होने पर ही किसानों को मुआवजा दिया जाता था, लेकिन किसानों की पीड़ा को पीएम मोदी ने समझा। मोदी ने 30 प्रतिशत फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजे का हकदार बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि हमने 70 हजार करोड़ रुपए किसानों का कर्ज माफ किया। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है कांग्रेस ने सिर्फ बड़े-बड़े किसानों के कर्ज माफ किए छोटे किसानों की चिंता कांग्रेस ने नहीं की। उन्होंने कहा कि 10 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना और 2027 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। भारत सैन्य उपकरण बनाने में आत्म निर्भर हो रहा है दूसरे देशों को निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित है, इसलिए दुनिया का सबसे ज्यादा निवेश भारत में आ रहा है। केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव ने भी तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया और विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाने को भी कहा।

### राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली जीत

प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे करिश्माई नेतृत्व, राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है और हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी।

## महिलाओं के हाथों शुरू करवाया विकास कार्य

# बिना भेदभाव के देश-प्रदेश में बह रही विकास की गंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा की शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत विकासोन्मुखी शासन ने पूरे देश में प्रगति के मार्ग को प्रशस्त किया है। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने गांव अनखीर में इंटरलॉकिंग टाइल लगने के कार्य का शुभारंभ स्थानीय निवासियों एवं महिलाओं से करवाया। उन्होंने कहा कि लगभग 18 लाख रुपए की लागत से लगने वाली इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

**भाजपा सरकार विकास के लिए वचनबद्धः** सीमा त्रिखा ने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सीवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यकरण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। भाजपा सरकार क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा वचनबद्ध है और इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है जो हमेशा जारी रहेगी। विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का धन्यवाद किया। कहा कि जो विकास कार्य बड़खल विधान सभा क्षेत्र में चल रहे है उनको अतिशीघ्र पूरा करवाया जाएगा। सत्येन्द्र पांडे, कपिल शर्मा, भजन लाल, अवनीश द्विवेदी, हरीश गोला, चमन गर्ग, विपिन तंवर, रविंद्र बिधूड़ी, संजय बिधूड़ी, कृष्ण तंवर, शीश पाल तंवर, बाबूलाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### बच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कराई गई

# ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने पांच बच्चों को रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा कैट व थाना धौज की टीम ने कार्रवाई करते हुए 4 बच्चों को भीख मांगते व एक बच्चे को लावारिस अवस्था में घूमते हुए रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने व परिजनों द्वारा उनकी भली प्रकार से देखभाल के लिए प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल के तहत कार्य करते हुए अपराध शाखा कैट ने बड़खल चौक व सेक्टर-28 से 4 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 6 से 13 वर्ष के बीच में है। इसके अलावा थाना धौज की टीम ने घर से लापता एक नाबालिग लड़के को धौज गांव से लावारिस अवस्था में घूमते हुए रेस्क्यू किया है। बच्चे से पूछताछ में पता चला की वह गाजीपुर के एक स्कूल में पढ़ता है। जिसके स्कूल के प्रिंसिपल का मोबाइल नंबर लेकर माता-पिता का फोन नंबर लेकर संपर्क किया और अभिभावकों के हवाले किया गया। भीख मांगने वाले नाबालिग बच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कराई गई। चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति फरीदाबाद ने उपरोक्त बच्चों के परिजनों को हिदायत देकर बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है।

# बेटी बचाओ अभियान ने लाड़ली पौधरोपण के तहत पौधे लगाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बेटी बचाओ अभियान ने लाड़ली पौधरोपण के तहत राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद की अध्यक्षता में पौधे लगाए। कार्यक्रम का आयोजन सदस्य सुशील अरोड़ा ने किया। पौधे रेजिडेन्टस वैलफेयर के सहयोग से लगाए गए। संस्थापक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि हमारी संस्था पिछले कई वर्षों से लाड़ली पौधरोपण के तहत बेटियों के नाम से पौधे लगा रही है। उसी कड़ी में सेक्टर-21 बी में पौधे लगाए गए। हमारी संस्था ने ठाना है कि संतुलन बनाए रखने के लिए शहर में जगह-जगह पौधे लगाएंगे और उन पौधों की देखभाल का जिम्मा लेंगे। ताकि पौधे वृक्ष का रूप धारण कर सकें। कहा कि पेड़-पौधों को लगाने के बाद उन्हें बच्चों की तरह देखभाल करके पालना पड़ता है और यही हमारी संस्था का उदेश्य है कि पौधे लगाने के बाद अगले वर्ष उन पौधों का जन्मदिन मनाते हैं। सुशील अरोड़ा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उसकी देखभाल करनी चाहिए। तभी धरती को हरा-भरा कर सकते हैं।

## ...ताकि बारिश का पानी भूमि में जा सके

# महापौर के निर्देश पर ननि ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का सफाई कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम शहर के जलस्तर को बढ़ाने के निए निरंतर प्रयास कर रहा है कहीं रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य तो कहीं तालाब का कार्य, ऐसे ही नगर आयुक्त एवं जलकल विभाग के अधिकारी भी जलस्तर के कार्यों को प्रमुखता से आगे बढ़ा रहे हैं।

बारिश का मौसम आ गया है इस समय नगर निगम अपने रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चालू करले जिससे कि बारिश का पानी भूमि के अंदर जा सके और क्षेत्र का जलस्तर बढ़ सके, इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने जलकल के अधिकारियों के साथ बैठक की है जिसमे नगर निगम क्षेत्र में लगभग 115 रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगे हुए है।

### भूजल स्तर बढ़ाने की कोशिश

इसके साथ साथ सभी जलकल अधिकारियों को भी बैठक में निर्देश दिए है कि पार्षद रेन वाटर हार्वेस्टिंग को ठीक करने को कहें तो कार्रवाई होनी चाहिए और इसी के क्रम में जलकल विभाग के अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सफाई आदि का कार्य शुरू कर दिया है सबसे पहले वार्ड 14 विजय नगर एवं वार्ड 72 कौशाम्बी में शुरू किया गया है और उपरोक्त कार्य मे ओर तेजी लाई जाएगी और शहर में भूजल स्तर बढ़ने का कार्य किया जाएगा, इस पुनीत कार्य मे सभी जनमानस एवं शहरवासियों से अपील भी की कि वह अपनी भागीदारी भी दें।



### पार्षद अपने क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण करें

जिसकी सूची महापौर सुनीता दयाल ने सभी पार्षदों को वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध करा दी है और कहा है कि सूची से सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्र के रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निरीक्षण कर लें और यदि उसमें कोई कार्य होना है या उसकी नाली की सफाई होनी है अपने जलकल विभाग के अवर अभियंता एवं महापौर कार्यालय में सूचित कर दें ।

## 11 से 24 जुलाई तक चलेगा सेवा प्रदायगी पखवाड़ा

*10 जुलाई तक समुदाय जागरण पखवाड़ा*

# सकल प्रजनन दर में कमी लाकर देश को विकसित बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



देश को स्वस्थ व समृद्ध बनाने में परिवार नियोजन की अहम भूमिका है। सीमित संसाधनों के समुचित उपयोग की दृष्टि से भी सीमित परिवार के बड़े फायदे हैं। यह बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर ने कहीं। प्रदेश में जनसंख्या स्थिरीकरण के तहत इसे 2.1 पर लाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है और यह आम आदमी की जागरूकता से ही संभव है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सकल प्रजनन दर में कमी लाने के उद्देश्य से इस साल के विश्व जनसंख्या दिवस का नारा दिया है-'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान'। इसके तहत परिवार कल्याण कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक महीने का विशेष अभियान प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। 10 जुलाई तक कम्युनिटी मोबिलाइजेशन पखवारा मनाया जा रहा है।

सारथी वाहन के माध्यम से जनपद से लेकर ब्लाक स्तर तक कार्यक्रमों और परिवार नियोजन साधनों के प्रति जागरूकता लाई जागी। सास बेटा बहू सम्मेलन के माध्यम से परिवार नियोजन की उपयोगिता के बारे में समझाया जा रहा है और बच्चों के जन्म के बीच पर्याप्त अंतर रखने के फायदे समझाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी लक्ष्य दम्पति की बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में काउंसिलिंग की जा रही है। इसके बाद 11 से 24 जुलाई तक सेवा प्रदायगी पखवारा चलाया जाएगा, जिसके जरिए लोगों को परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों की सेवाएं प्रदान की जाएगी। पखवारे के दौरान सेवा प्रदाताओं के कठिन परिश्रम, नवाचारों आदि के लिए पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जाएगा।

## गाजियाबाद की एक महिला की मौत हो गई थी

# हाथरस भगदड़ में मृतक एवं घायल के घर संवेदना प्रकट करने पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल, सौंपे संवेदना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

2 जुलाई को हाथरस में आयोजित कथा में भगदड़ मचने से लगभग 135 लोगों की जान चली गई और बहुत बड़ी तादाद में लोग घायल हो गए। इस घटना में गाजियाबाद की एक महिला की भी मौत हो गई थी तथा युवती घायल हो गई। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल मृतक महिला के परिजनों तथा घायल युवती से मिली और उनका मनोबल बढ़ाया। महापौर ने मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा जारी किया गया संवेदना पत्र भी सौंपा। हादसे में गाजियाबाद शहर के लोग भी हाथरस कथा वाचक साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा (सूरज पाल) की कथा सुनने गए और भगदड़ के वक्त लाल कुआटर विजय नगर की 50 वर्षीय विमलेश देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार की मौता हो गई एवं विवेकानंद नगर की 18 वर्षीय बालिका माही पुत्री पिंकी भी गई थी, जो घायल हो गई थी। इस हादसे में उनके साथ भी यह घटना घट गई। महापौर सुनीता दयाल ने एसडीएम अरुण दीक्षित एवं पार्षद नीरज गोयल के साथ घायल बालिका एवं मृतक के परिवार को संवेदना पत्र सौंपा और घायल बालिका एवं मृतक के परिवार से मिलकर अपने संवेदना व्यक्त की। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि बहुत ही दुखद घटना हुई है परिवार का दुःख असहनीय है।



### सीएम विवेकाधीन कोटे से राहत दी

*इतनी भारी भीड़ में भगदड़ मचने पर लोग नीचे गिर गए और अन्य लोग अपनी जान बचाने के लिए गिरे हुए लोगों के ऊपर चढ़ कर बाहर निकले जिससे भारी संख्या में लोगों की जान चली गई। कहा कि हम व्यक्ति को वापस नही ला सकते हैं लेकिन हम मृतक के परिवार के हमेशा साथ है और मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष के माध्यम से भी परिवार को राहत दी गई है लेकिन घटना अत्यंत दुःखद है। उन्होंने कहा कि हादसे में गाजियाबाद की एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन द्वारा घटना पर तत्काल राहत पाने के लिए विशेष कार्य किया गया है और गाजियाबाद बटालियन का नाम फिर से ऊपर उठाया है जिसके लिए मैं बटालियन को लीड करने वाले अधिकारियों एवं जवानों का धन्यवाद करती हूं।*

# लोकसभा चुनाव पर भाजपा की समीक्षा बैठक संपन्न

# बीएल संतोष ने दिया कार्यकर्ताओं को विजय का मंत्र, हार से सीखें सबक, आरक्षण और संविधान के दुष्प्रचार को करें दूर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने यूपी के सियासी हालात पर सरकार और संगठन दोनों के साथ मंथन किया। लोकसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा के साथ आगामी उपचुनाव पर चर्चा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई इस बैठक में उन्होंने क्षेत्रवार नब्ज टटोली। उन्होंने 14 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। पार्टी के कार्यक्रम-अभियानों के साथ 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भी चर्चा की। रविवार को बीएल संतोष ने यूपी के अनुसूचित जाति के मंत्रियों, प्रदेश पदाधिकारियों और एससी मोर्चा के सदस्यों के साथ बैठक की। इससे पहले शनिवार को कोर कमेटी की बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। बीएल संतोष ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से अलग-अलग मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।

### खास बातें

- केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की निचले स्तर तक दें जानकारी
- मंडल, बूथ और शक्ति केंद्रों के नेटवर्क को मजबूत करें
- दलितों के बीच पैठ बढ़ाएं
- अगस्त से सदस्यता अभियान शुरू होगा



### कांग्रेस की नीति रही फूट डालो और राज करो

बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं को विजय का मंत्र देते हुए कहा कि हार से सबक सीखते हुए विपक्षी दलों द्वारा आरक्षण और संविधान के संबंध में फैले गए दुष्प्रचार को दूर करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पुरानी नीति रही है फूट डालो राज करो। इसी के तहत उन्होंने आरक्षण का मुद्दा संविधान का मुद्दा लाकर दलितों के बीच में फूट डाला, जनता के बीच जाकर इन भ्रांतियां को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को दलितों के बीच में अपनी पैठ बढ़ानी होगी, उन्हें भाजपा के साथ जोड़ना होगा।

### सभी सीटों पर जीत हासिल करें

संतोष ने प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर हाल में इन सभी सीटों पर जीत हासिल करनी होगी। इसी संकल्प के साथ चुनाव में उतरना है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि सरकार के मंत्री और संगठन के पदाधिकारियों इन सीटों पर प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं।

### सदस्यता और संगठन को करें मजबूत

संतोष ने मंडल, बूथ और शक्ति केंद्रों के नेटवर्क को और मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि भाजपा अगस्त के पहले सप्ताह में सदस्यता अभियान शुरू करने की तैयारी में है। हालांकि इसकी अधिकृत तिथि घोषित नहीं की गई है। इसके लिए प्रदेश से लेकर मंडल तक टीमें गठित की जाएंगी।

## योगी की जनता के बीच छवि अच्छी

बीएल संतोष ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की ईमानदारी छवि जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार ने प्रदेश में मूलभूत सुविधाओं सहित सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किए हैं। कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में निचले स्तर तक जानकारी दें। लाभार्थियों को भाजपा से जोड़ें। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने विधायकों को संगठन से तालमेल बैठाने पर जोर देते हुए कहा कि नेता अहंकार न पालें। सबके हिसाब से टिकट या पद नहीं दिए जा सकते।

### फार्मेट भरवाकर पूछी कमियां

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन की बैठक के लिए पहले ही क्षेत्रीय अध्यक्षों और प्रभारियों को फार्मेट दे दिया गया था। जिसमें लोकसभा और विधानसभा वार सूचनाएं मांगी गई थीं। उन्होंने लोकसभावार पूछा कि 2022 में कितनी विधानसभा जीते थे। इस बार उनमें से कितनी हार गए। हार के क्या कारण रहे। वहां कितना वोट प्रतिशत खिसका। किन-किन जातियों ने वोट नहीं दिया। दलितों खासतौर से गैर जाटवों के छिटकने के कौन-कौन से कारण रहे।

### खबर संक्षेप

#### आज से सभी शिक्षकों की लगेगी डिजिटल हाजिरी



**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों की डिजिटल हाजिरी अब आठ जुलाई से ही होगी। पहले इसके लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ ने इस आदेश पर अपना विरोध दर्ज कराया है। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजा है।

#### आज बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे हेमंत



**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को विधानसभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सत्र आहूत किया है। इस दौरान विश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष के बीच चर्चा के बाद मतदान होगा। हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को 44 विधायकों का हस्ताक्षर युक्त समर्थन पत्र सौंपा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद, भाकपा माले का उन्हें समर्थन प्राप्त है, जबकि विपक्ष के पास पर्याप्त आंकड़ा नहीं है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक में बनाए गए नए नियम

# ऊंचे डीजे नहीं होंगे, ध्वनि सीमा में डीजे बजेंगे, भाले-त्रिशूल साथ लेकर नहीं चल सकेंगे कांवड़िए

एजेंसी ▶▶ मेरठ

कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए इस बार यूपी समेत पांच राज्य मिलकर निगरानी करेंगे। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान पांच राज्यों ने कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारी पूर्ण करने का दावा किया है। वहीं कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर पाबंदी नहीं रहेगी, लेकिन कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशूल या किसी प्रकार का हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे। कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मेरठ कमिश्नरी सभागार में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी प्रशांत कुमार ने कांवड़ यात्रा को लेकर की तैयारियों के संबंध में मेरठ कमिश्नरी सभागार में मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद मंडल एवं उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस, प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने पीपीटी से कांवड़ यात्रा के संबंध में आने वाली चुनौतियों एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियों से मुख्य सचिव और डीजीपी को अवगत कराया। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक्शन प्लान पर मंथन किया। भीड़ नियंत्रण और ट्रैफिक प्लान पर अफसरों का जोर रहा। बताया गया कि यूपी-उत्तराखंड में आठ ज्वाइंट कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं, जहां दोनों राज्यों के अफसर तैनात रहेंगे। हेलीकॉप्टर और ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

### खास बातें

- यूपी-उत्तराखंड में 8 ज्वाइंट कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे
- हेलीकॉप्टर और ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी
- हादसा रोकने भीड़ प्रबंधन पर ध्यान दिया जाएगा
- आपातकाल में तुरंत रिस्पांस टीम काम करेगी
- दोपहिया मेडिकल टीम की तैनाती होगी



### यात्रा सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से हो

मुख्य सचिव और डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से कराने पर है। मीटिंग में यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के अफसरों के साथ सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर चर्चा की गई। भीड़ मैनेजमेंट पर फोकस रहा, ताकि कोई हादसा न हो। आपातकाल में तुरंत रिस्पांस टीम काम करेगी, इसकी व्यवस्था की दी गई है। हादसे के बाद एंबुलेंस पहुंचने की व्यवस्था नहीं होती है तो वहां दोपहिया वाहनों पर मेडिकल टीम पहुंचेगी।

### तिरंगा लेकर चलने वालों पर विशेष नजर

अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशूल या कोई हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे। वहीं कावड़ रूट पर डीजे पर पाबंदी नहीं लेकिन नियमानुसार ध्वनि सीमा जरूरी है। साथ ही कावड़ यात्रा की सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी होगी। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के दौरान तिरंगा लेकर चलने वाले श्रद्धालुओं पर विशेष नजर रहेगी।

### कावड़िए अपने पास आईडी रखें

यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी और उत्तराखंड के अफसरों के 8 ज्वाइंट कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। यूपी और उत्तराखंड दोनों राज्यों के अफसर इन कंट्रोल रूम में रहेंगे और मॉनिटरिंग करेंगे। सांप काटने की घटनाओं के चलते एंटी वैनम और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कांवड़ियों को केंद्र में रखकर व्यवस्था बना रही है। निर्देश दिया है कि जहां से भी कांवड़ियां चल रहे हैं, वहां स्थानीय पुलिस प्रशासन अपील करे कि सभी अपने पास आईडी जरूर रखें। इससे कोई आपातकाल हो तो परिजनों से संपर्क करने में मदद मिलेगी। हादसे रोकने के लिए अफसरों को निर्देश दिए हैं। वहीं, रूट डायवर्जन प्लान पर भी चर्चा की गई। ऊंचे डीजे लगाकर कांवड़ ले जाने पर रोक रहेगी।

### रिपोर्ट में दी गई यह जानकारी

**मेरठ जिला**
- अनुमानित कांवड़ियों का जलाभिषेक 30 लाख
- प्रमुख शिवालयः औघड़नाथ मंदिर, दबथुआ महादेव मंदिर, लोईया महादेव मंदिर दौरात्र गगोल महादेव मंदिर परतापुर, महादेव मंदिर भोला झाल और शिव मंदिर नंगली।
- कांवड़ियों का मार्गः हरिद्वार-रुड़की-मेरठ एनएच-58, मेरठ-दिल्ली रोड और गंगनहर पटरी

**बागपत जिला**
- अनुमानित कांवड़ियों का जलाभिषेक 13 लाख
- प्रमुख शिवालय : पुरामहादेव मंदिर।
- प्रमुख मार्गः मुजफ्फरनगर बुढ़ाना-दाहा-बिनौली मार्ग, नावला-राधना- सरूरपुर रजवाहा मार्ग।

**गाजियाबाद जिला**
- अनुमानित कांवड़ियों का जलाभिषेक 4 से 5 लाख
- प्रमुख शिवालयः दूधेश्वर नाथ मंदिर।
- प्रमुख मार्गः एनएच-58, एनएच-24 गंगनहर पटरी मार्ग और मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे।

**हापुड़ जिला**
- अनुमानित कांवड़िये 3.50 लाख
- प्रमुख शिवालयः बृजघाट, गढ़, चंडी मंदिर हापुड़।
- प्रमुख मार्ग मेरठ- बुलंदशहर एनएच-235, एनएच-24।

**बुलंदशहर जिला**
- अनुमानित कांवड़िये 1 से 1.60 लाख।
- प्रमुख शिवालयः राजराजेश्वर मंदिर बुलंदशहर, सिद्धेश्वर मंदिर खुर्जा, अहार मंदिर।

## प्रशासन ने बड़े आयोजनों के नियम बदले

# आयोजकों को व्यवस्थाओं व भीड़ की संख्या को लेकर देना होगा शपथ पत्र

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़



यूपी के हाथरस सत्संग हादसे के बाद अब अलीगढ़ प्रशासन के स्तर पर सामूहिक आयोजन की अनुमति दिए में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया है। अलीगढ़ डीएम, विशाख जी. अय्यर ने कहा है कि किसी भी तरह के धार्मिक, सामाजिक, निजी, परंपरागत कार्यक्रमों की अनुमित जारी करने से पहले पुलिस-प्रशासनिक टीम कार्यक्रम स्थल जाएगी। वहां जाकर प्रवेश-निकास द्वार के अलावा कार्यक्रम स्थल की क्षमता, यातायात आदि व्यवस्थाओं को देखेगी।

आने वाले दिनों में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर भी पीस कमेटी की मीटिंग में लोगों को अवगत करा दिया गया है। जिला प्रशासन ने तय किया है कि अब आयोजक से व्यवस्थाओं व भीड़ की संख्या को लेकर सशपथ लिखित में लिया जाएगा। इसके बाद ही अनुमति दी जाएगी। बड़े आयोजनों में यातायात पुलिस, मंच के लिए पीडब्ल्यूडी, विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत सुरक्षा, फायर सर्विस आदि की सहमति भी ली जाएगी।

### नियत संख्या से अधिक भीड़ पर आयोजक जिम्मेदार

आयोजन में 100 लोगों की भीड़ पर एक वॉलेंटियर लगाने की शपथ के साथ वॉलेंटियरों के नाम पते की सूची ली जाएगी। छोटे आयोजनों में कम से कम 25 वॉलेंटियरों की सूची ली जाएगी। इसके बाद ही अनुमति जारी होगी। शपथपत्र में नियत संख्या से अधिक भीड़ होने पर आयोजक जिम्मेदार होगा। किसी तरह की कमी पाए जाने पर आयोजक व अनुमति जारीकर्ता के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बड़े आयोजनों पर आयोजन स्थल के स्वामी, बिजली सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी, फायर, पुलिस व ट्रैफिक विभाग की संस्तुति भी लिखित में देनी होगी।

### फर्जी बाबाओं के खिलाफ बनाएं नियम

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी का कहना है कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साधु संतों की बैठक 18 जुलाई को प्रस्तावित है। बैठक में फर्जी बाबाओं के खिलाफ नियम बनाने के लिए प्रशासन से कहा जाएगा। वहीं, बड़ा उदासीन अखाड़ा के पंचपरमेश्वर में शामिल श्रीमहंत महेश्वरदास का कहना है कि कथावाचकों और प्रचारकों को बाबा या संत कहा ही क्यों जाता है। इसके खिलाफ शासनादेश जारी करने की मांग की जाएगी। वहीं, पंच परमेश्वर में शामिल महंत दुर्गादास ने कहा कि फर्जी बाबाओं की सूची प्रशासन को दी जाएगी और इन्हें हटाने के लिए कहा जाएगा।

## पेज एक का शेष

### सुरक्षाबलों का बड़ा...

एक मुठभेड़ पूरी हो चुकी है और एक जगह मुठभेड़ चल रही है। इधर, मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के जवान प्रभाकर जंजाल का अंतिम संस्कार महाराष्ट्र के अकोला जिला स्थित उनके गांव में आठ जुलाई को होगा। कुलगाम के फ्रिसल चिन्नीगाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान सेना के जवानों के साथ झड़प में जंजाल (26) शहीद हो गए। अकोला के तहसीलदार ने बताया कि सोमवार को प्रभाकर के पैतृक गांव मोरगांव भाकरे में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके शहीद होने की खबर पहुंचते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**मनकोट में पाकिस्तानी गुब्बारा बरामदः** पुंछ पुलिस ने मेंढर के मनकोट तहसील में शनिवार देर शाम भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर स्थित गांव घानी में जहाज नुमा पाकिस्तानी गुब्बारा बरामद किया। इस पर पीआईए पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। मनकोट पुलिस चौकी से टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि जिले में आए दिन इस प्रकार के पाकिस्तानी गुब्बारे बरामद होते रहते हैं।

**मूवमेंट हो रही ट्रैकः** फ्रिसल में मुठभेड़स्थल पर पहुंचे आईजी बीके बिर्दी ने बताया कि सुरक्षाबलों की ओर से आतंकियों की मूवमेंट को लगातार ट्रैक किया जा रहा है। यहां आतंकियों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुठभेड़ स्थल जम्मू-श्रीगर हाईवे से दूर का भीतरा इलाका है। कुछ आतंकियों के शव पड़े दिखे हैं, लेकिन अभी ऑपरेशन जारी है।

### हिजुबल के...

हुए थे। आतंकियों की पहचान यावर बशीर पुत्र बशीर अहमद डार निवासी कैमोह, जाहिद अहमद डार पुत्र गामहौद डार निवासी यारीपोरा, तौहीद अहमद राथर पुत्र अब सतार राथर निवासी, शकील अहमद वानी पुत्र मोहम्मद शरीफ वानी निवासी कुलगाम के तौर पर हुई है। बाकी दो आतंकियों की पहचान अभी बाकी है।

### 5 नहीं अब 10 लाख...

के तहत कवरेज लिमिट को 5 लाख से बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली कवरेज लिमिट को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रति वर्ष करने की तैयारी है। रिपोर्ट की मानें तो अगले तीन सालों में अपनी प्रमुख आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभार्थी आधार को दोगुना करने पर विचार कर रही है।

**लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने पर विचार :** अगर सरकार अगले तीन साल में एबी-पीएमजेएवाय के तहत लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाकर दोगुना करने का ऐलान करती है, तो फिर देश की दो-तिहाई से ज्यादा आबादी को स्वास्थ्य कवर मिल सकेगा। रिपोर्ट के अनुसार सरकार इस मामले में इसलिए विचार कर रही है, क्योंकि इलाज पर होने वाला भारी भरकम खर्च परिवारों को कर्ज के जाल में धकेलने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक है।

### पीएम मोदी आज...

रहा है। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। उनकी पिछली यात्रा 2019 में हुई थी, जब उन्होंने रूस के शहर व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। विदेश सचिव विनय क्वात्रा के मुताबिक इस यात्रा के दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से लड़ने के लिए गुमराह किए गए अपने नागरिकों की भारत द्वारा जल्द रिहाई की मांग पर चर्चा होने की उम्मीद है। क्वात्रा ने कहा कि भारत का अनुमान है कि उसके 30 से 40 नागरिक पहले से ही युद्ध में हैं। ऑस्ट्रिया की अपनी यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं, जिस पर दोनों देश एक और करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। मोदी की यह टिप्पणी ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद आई है कि मैं अगले सप्ताह वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक विशेष सम्मान है, क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है और यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ से जुड़े ...

उनकी नियुक्ति 13 जुलाई 2019 में हुई थी। वे 12 फरवरी 2023 तक वहां राज्यपाल रहे। इसके बाद जब छत्तीसगढ़ की तत्कालीन राज्यपाल अनुसईया उईके को मणिपुर भेजा गया उसके बाद विश्वभूषण यहां राज्यपाल के रूप में आए। वे पड़ोसी प्रदेश ओडिशा से हैं। ओडिशा में वे कई सियासीय पदों पर रहे हैं।

**बैस बने थे 2019 में त्रिपुरा के राज्यपालः** रमेश बैस छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है। वे यहां कई बार सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री रहे हैं। बैस को पहली बार 9 जुलाई 2019 में त्रिपुरा का राज्यपाल बनाकर भेजा गया था। वे वहां 13 जुलाई 2021 तक रहे। इसके बाद वे 14 जुलाई 2021 को झारखंड के राज्यपाल बनाए गए। वहां उनका कार्यकाल 12 फरवरी 2023 तक रहा। इसके बाद बैस 18 फरवरी 2023 से अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में काम कर रहे हैं। तीनों राज्यों में राज्यपाल के रूप में काम करते हुए हुए उन्हें जुलाई 2024 में पांच साल पूरे हो रहे हैं। बैस ने छत्तीसगढ़ रायपुर में पार्षद के रूप में राजनीति में कदम रखा, वे विधायक भी रहे और इसके बाद रायपुर लोकसभा सीट से रिकार्ड सात बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वे 1998 में पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री बने थे। इसके बाद भी वे केंद्र में मंत्री तथा लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे।

**अनुसईया उईकेः** सुश्री अनुसईया उईके वर्तमान में मणिपुर की राज्यपाल हैं। इससे पहले वे 29 जुलाई 2019 को पहली बार छत्तीसगढ़ की राज्यपाल बनीं थी। राज्य में उनका कार्यकाल 23 फरवरी 2023 तक रहा। इसके बाद उन्हें मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया। वे 12 फरवरी 2023 से मणिपुर की राज्यपाल के रूप में कार्यकर रही है। इसी महीने की 29 तारीख को राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति के पांच साल पूरे हो रहे हैं। वे 1985 में मप्र से पहली बार कांग्रेस से विधायक बनीं और तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रही। बाद में उन्होंने भाजपा प्रवेश किया था। अनुसईया उईके अनुसूचित जनजाति आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुकीं हैं।

### लोन वुल्फ अटैक...

हमला कर स्वयं को इंडियन मुजाहिदीन के यासीन भटकल एवं सिमी सरगना अबू फैजल की तरह बड़ा मुजाहिद बनना चाहता था। एटीएस ने आतंकी के पास से एक पिस्टल, पांच कारतूस, चार मोबाइल फोन के अलावा आईएम, आईएस और अन्य आतंकी संगठनों से संबंधित जेहादी साहित्य व सिमी संगठन के सदस्यता फार्म भी बरामद किए हैं। उससे बरामद मोबाइल फोन एवं डिजिटल डिवाइस में भी इंडियन मुजाहिदीन, आईएस, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा आदि आतंकी संगठन से संबंधित जेहादी साहित्य वीडियो एवं फोटो प्राप्त हुए हैं।

### वर्ली में तेज रफ्तार...

मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि वे आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। यह कार शिवसेना (शिंदे गुट) नेता की है। पुलिस ने कार में बैठे दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, जब कार को वापस पुलिस स्टेशन लाया गया तो कार की नंबर प्लेट हटा दी गई थी। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पुणे में एक पोर्शे कार से जुड़े हिट-एंड-रन मामले को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ है। महिला की पहचान वर्ली कोलीवाड़ा निवासी कावेरी नखवा (45) के रूप में हुई है, जो ससून डॉक से मछली खरीदकर उसे बेचने के लिए अपने पति के साथ वापस जा रही थी। टक्कर लगते ही पति ने तुरंत छलांग लगा दी, लेकिन कावेरी नहीं कूद पाई। कार आगे बढ़ती रही और कावेरी को बोनट पर करीब 100 मीटर तक घसीटती रही। फिर उसके बाद महिला को सड़क पर फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने उसे दंपित को नायर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पति का इलाज चल रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी को नहीं बचाएगी। मुंबई दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, मैंने पुलिस से सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है।

### शिवसेना नेता हिरासत...

है कि हादसे के वक्त कार मिहिर शाह चला रहा था। राजेश शाह ने दावा किया है कि कार उनका ड्राइवर चला रहा था।

## लालू की पार्टी राजद का दावा

# जन सुराज भाजपा की 'बी' टीम, पीके का भी पलटवार

एजेंसी ▶▶ पटना


लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए चेतावनी भरा एक पत्र जारी किया है। उन्होंने जन सुराज पार्टी को भारतीय जनता पार्टी का बी-टीम कहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ता विरोधी काम न करें अन्यथा पार्टी उनके खिलाफ समुचित कार्रवाई करेगी। जन सुराज ने पलटवार करते हुए जवाब में कहा है कि जन सुराज के पार्टी बनने की घोषणा भर से बिहार का सबसे मजबूत दल होने का दावा करने वाली आरजेडी की घबराहट देखिए, बेचारे अपने दल में मची अफरा-तफरी और आरजेडी छोड़कर जाने वाले नेताओं को रोकने के लिए अपने ही नेताओं और कार्यकर्ताओं को धमकी दे रहे हैं। जन सुराज ने कहा कि भय और अपराध की राजनीति इनकी (आरजेडी) फितरत है। पहले बिहार की जनता ने छोड़ा अब दल के कार्यकर्ता और नेता छोड़ रहे हैं।

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने ली बैठक

# सुरक्षा बलों की निगरानी में होगा सावन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में होने वोले प्रसिद्ध सावन झूला मेला और कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या मंडल बस्ती मंडल व देवीपाटन मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि एक महीने तक चलने वाले सावन मेले में करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं। सीएम योगी के निर्देश हैं कि जो भी श्रद्धालु अयोध्या आए वह अच्छी अनुभूति लेकर वापस लौटें। इसके लिए श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में अच्छी व्यवस्था हो, आवागमन के मार्ग में



गड्ढे न हों, सभी मार्ग व्यवस्थित हों, श्रद्धालुओं के लिए लगने वाले कैंप हाईवे व एक्सप्रेस वे से उचित दूरी पर हो ताकि कोई एक्सीडेंट का खतरा न हो। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके निर्देश दिए गए हैं। मेले में एटीएस व एसटीएफ भी तैनात रहेगी। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ड्रोन से लाइव स्ट्रीमिंग भी की जाएगी।



# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

लाइफ Style

# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।



हॉलीवुड मसाला




# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टर: कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..


**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेस:*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।



# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दा: टाइटल हुआ रिवील...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।



***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबर:*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी


# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव

*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।



### 'किल'

यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।



### 'सरफिरा'

अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



# मध्यप्रदेश में 42 हजार चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के भरे जाएंगे पद

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव मप्र बजट संदेश -2024 कार्यक्रम में हुए शामिल

## 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ रुपए वार्षिक तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में सेन्ट्रल इंडिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश बजट सन्देश-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन विक्रम विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार राज्य का बजट पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। अगले पांच वर्षों में प्रदेश का बजट सात लाख करोड़ रुपए वार्षिक तक ले जाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि गंभीर डेम में पाइपलाइन से मां नर्मदा का पानी भरा जाएग। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथजी महाराज आदि मौजूद थे।

### गांव के सामुदायिक केंद्रों में की जाएगी डॉक्टरों की भर्ती




स्वास्थ्य के क्षेत्र को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश के गांव के सामुदायिक केन्द्रों में डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। प्रदेश में 42 हजार चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के पद एक साथ भरे जाएंगे। चिकित्सा, शिक्षा क्षेत्र को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू किया गया है। इसके माध्यम से वनोपज पर एमएसपी प्रदाय की जा रही है। मोटे अनाज के उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। तीसरी फसल के विकल्प लाए जाएंगे।

### बजट का 40% औद्योगिक विकास के लिए निर्धारित

सीएम ने कहा कि यशवंत सागर बांध को भी पाइपलाइन के माध्यम से भरने का कार्य किया जाएगा। इस प्रकार बांधों में वर्षभर पानी उपलब्ध रहेगा। चंबल, पार्वती, कालीसिंध नदी के जल का उपयोग करने के लिए केन्द्र सरकार से 35 हजार करोड़ रुपए की राशि से कार्य योजना बनाई जा रही है, जिससे प्रदेश के कई जिलों को लाभ मिलेगा। बुंदेलखण्ड क्षेत्र में बेतवा नदी पर भी कई परियोजनाएं प्रारम्भ की जाएंगी। बजट का 40 प्रतिशत औद्योगिक विकास के लिए निर्धारित किया गया है। प्रदेश में छह नये एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। नए नए फोरलेन बनाए जाएंगे, पुराने मार्गों को दुरूस्त किया जाएगा, ताकि उद्योगों की स्थापना के लिए उचित दरों पर जमीन मिल सके।

### उत्पादों की प्रोसेसिंग उज्जैन में होगी

विक्रम उद्योगपुरी में एक हजार एकड़ जमीन उद्योगों के लिए आरक्षित की गई थी। बहुत-से उद्योगपतियों ने यहां उद्योग प्रारम्भ करने की इच्छा जताई है। उज्जैन में अमूल प्लांट के प्रारम्भ होने से प्रदेश के अन्य शहरों से दूध व अन्य उत्पादों की प्रोसेसिंग उज्जैन में होगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। आने वाले समय में 16 सीटर हेलीकॉप्टर से यात्रा प्रारम्भ की जाएगी। जिला चिकित्सालय को नया अस्पताल बनाया जाएगा। भोपाल में आगामी दिनों में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

### मूर्तिशिल्प कारखाना उज्जैन में होगा शुरू

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि कोठी पैलेस में भारत के गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने के लिए इसे बतौर 'वीर भारत संग्रहालय' के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनाई जा रही है। सिंहस्थ के दृष्टिगत उज्जैन आवागमन को सुगम बनाने के लिए हवाई मार्ग, रेल मार्ग और सड़क मार्ग को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। जयपुर की तर्ज पर मूर्तिशिल्प कारखाना उज्जैन में प्रारम्भ किया जाएगा। उज्जैन में सेवा निवृत्त लोगों के लिए सोसाइटी बनाई जाएगी।

### ड्रोन टेक्नालॉजी और ड्रोन पायलट कोस विवि में शुरू करने की योजना

डॉ.अखिलेश कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उद्योग और शिक्षा में तालमेल वर्तमान समय की आवश्यकता है। ड्रोन टेक्नालॉजी और ड्रोन पायलट से सम्बन्धित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों में प्रारम्भ किए जाने की कार्य योजना बनाई जा रही है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रत्येक जिले में प्रारम्भ की जाएगी। वित्त विभाग के उप सचिव रूपेश पठवार ने कहा कि इस बार के बजट में रोजगार सृजन और निवेश प्रोत्साहन पर विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में केन्द्र और राज्य शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया है। औद्योगिक अधोसंरचनाओं के विकास पर मुख्य रूप से फोकस किया गया है।

## सुनील यादव सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिले के पूर्व कार्यालय मंत्री सुनील यादव को (एम्स अस्पताल भोपाल) का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। सांसद आलोक शर्मा ने इन्हें नियुक्ति पत्र देकर इसकी जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए यादव ने सांसद आलोक शर्मा का आभार व्यक्त किया। सुनील यादव के सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई की सुविधा के निरंतर विस्तार के साथ ही जल के अधिकतम उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं एवं नए कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। प्रदेश में वर्ष 2003 में सिंचाई की स्थिति बहुत खराब थी। वर्तमान में प्रदेश के सिंचाई क्षमता लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर एवं वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टर सिंचाई का रकबा किए जाने का हमारा लक्ष्य है, पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश में 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 48 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता संवर्धित होगी। इसी प्रणाली का उपयोग कर प्रदेश पूर्व निर्मित सिंचाई परियोजनाओं के अतिशेष जल से अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। केन-बेतवा लिंक परियोजना की लागत रुपए 44 हजार करोड़ केन-बेतवा लिंक परियोजना जिसकी अनुमानित लागत रुपए 44 हजार 605 करोड़ है। यह बुंदेलखंड क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वरदान है।

### विकास भवन में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम, डॉ. यादव ने किया पौधरोपण

# मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह का किया लोकार्पण, कहा- डॉ. मुखर्जी का देश रहेगा सदा आभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी युगदृष्टा थे। उन्होंने देश के सामने मौजूद समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर देश की एकता बनाए रखने और देशवासियों को जागरूक करने का अद्भुत कार्य किया। अंग्रेजों के बंग-भंग के षड़यंत्र का भंडाफोड़ करने और कश्मीर की समस्या के दूरगामी दुःखद परिणामों से जन-जन को अवगत कराने के लिए देश उनका सदैव आभारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। शनिवार को डॉ. मुखर्जी की जयंती थी। मुख्यमंत्री ने उनकी स्मृति में विकास भवन में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही साथ शिलापट्टिका का अनावरण कर सभागृह का लोकार्पण किया। उन्होंने सभागृह में निर्मित डॉ. मुखर्जी के चित्र का भी अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की।

**खास बातें**

- सीएम डॉ. मोहन ने सभागृह में निर्मित डॉ. मुखर्जी के चित्र का भी अनावरण किया
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए उपयोगी होगा भवन




### प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से दिलाई मुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का 33 साल की आयु में वाइस चांसलर बनना उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी ओर से कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी देश में धारा-370 का कलंक जारी रहा। प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकास दर में निरंतर सुधार हो रहा है। ग्रामीण विकास गतिविधियों तथा पंचायतों की कार्य-प्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। विकास भवन में बना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

### देश को चितरंजन रेल कारखाना डॉ. मुखर्जी की देन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर की समस्या के संबंध में देश का ध्यान आकर्षित करने और धारा-370 हटाने की मांग से कई युवा देश सेवा के लिए आगे आए। किंतु उनके बलिदान के परिणाम स्वरूप ही धारा-370 हटाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विकास भवन में निर्मित सभागृह का नामकरण डॉ. मुखर्जी के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद वीडी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव-निर्मित संयुक्त कार्यालय तहसील भवन का किया शुभारंभ

नवनिर्मित तहसील परिसर में रोपा बादाम का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन में 6 करोड़ 40 लाख की लागत से नवनिर्मित संयुक्त भवन तहसील कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में बादाम का पौधा रोपा। नवीन भवन में उज्जैन नगर तहसील और कोठी महल तहसील कार्यालय संचालित किया जाएगा। संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इसका निर्माण 2450 वर्गमीटर में किया गया। जिसमें भू-तल 1180 वर्गमीटर, प्रथम तल 1180 वर्गमीटर एंव वरांडा व पोर्च 90 वर्गमीटर में निर्मित किया गया है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण कर नमन किया। उनकी आदमकद प्रतिमा डॉ. मुखर्जी की लालघाटी चौराहे पर स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता-अखंडता को लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा का दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रखा। देश में बंग-भंग के षड़यंत्र तथा कश्मीर को लेकर विभाजन की नीति के प्रति लोगों को जागरूक एवं एक करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. मुखर्जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण राजधानी के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, सांसद वीडी शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अजय जामवाल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।






## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सड़क हादसे में परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाईवे नंबर 43 पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

## मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान मद से 40 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से दो दुर्घटनाओं में 10 व्यक्तियों की मृत्यु पर 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। एक जुलाई को श्योपुर जिले के ग्राम टर्राखुर्द, अर्रोदरी बलावली का पटरा भूतकछा के 7 व्यक्तियों की करोली माता दर्शन के लिए राजस्थान जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए प्रति मृत व्यक्ति के मान से कुल 28 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने 24 जून को दमोह जिले के ग्राम वांसातारखेड़ा में हुई घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनके परिजन को चार-चार लाख रुपए कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।



## जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से निकाली गई रथ यात्रा, सीएम साय भी रहे कार्यक्रम में शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ से साफ भी किया गया। इस रस्म को छेरापहरा रस्म कहा जाता है।

## इधर, युवती की संदिग्ध मौत तो उधर पटरी पर मिला युवक का सिर कटा शव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो अलग अलग घटनाओं में पुलिस को एक युवती और एक युवक का शव मिला है। इधर रायपुर के जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को एक लड़की की लाश मिली है। आशंका है कि लड़की की हत्या की गई है।

युवती की पहचान अंबिकापुर निवासी वाणी गोयल के रूप में हुई है। वह सूरजपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल की भतीजी थी। वहीं दूसरी ओर जीआरपी को सुबह करीब 6 बजे हफर कॉलोनी के पास एक युवक का भी पटरी पर शव मिला है। युवक का सिर धड़ से अलग है। उसकी पहचान अंबिकापुर निवासी विशाल कुमार गर्ग के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विशाल और वाणी का आपस में प्रेम संबंध था।

### अंबिकापुर में रहता है मृतका का परिवार

वाणी का परिवार अंबिकापुर में रहता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस रविवार को होटल पहुंची तो चौथी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 416 में उसकी लाश मिली। सूचना मिलने पर रायपुर की गंज थाना पुलिस भी मौके पर है। बताया जा रहा है कि वाणी ने रायपुर स्थित एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से 2016 से 2019 तक ग्रेजुएशन किया। इसके बाद 2022 में नागपुर के निराली कुकरी इंस्टीट्यूट से बेकरी का कोर्स किया था। अभी वह अपनी प्रोफाइल में पेस्ट्री शेफ लिखती थी।

### युवक के पास मिला मोबाइल और 1500 कैश

युवक के पास से एक मोबाइल फोन, पर्स में कुछ पुराने बिल और करीब 1500 रुपए मिले हैं। युवक की लास्ट अर्धनग्न अवस्था पर मिली है। उसके शरीर के ऊपरी हिस्से में कपड़े नही थे। फिलहाल जीआरपी से गंज थाना की पुलिस ने संपर्क किया है। बताया जा रहा है कि मरने वाले दोनों लोग एक-दूसरे को जानते थे। हालांकि विशाल सामान्य फैमिली से है। वारदात को लेकर फिलहाल पुलिस के सामने दो थ्योरी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का किया शुभारंभ

# फसलों की तर्ज पर अब दूध खरीदने पर भी दिया जाएगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार द्वारा जिस प्रकार किसानों को गेहूं, चने आदि अलग-अलग फसलों के लिए बोनस दिया जा रहा है, उसी प्रकार अब दूध खरीदने पर भी बोनस दिया जाएगा, ताकि लोग घर-घर गो-माता को पालने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। वहीं दुर्घटनाग्रस्त व दिव्यांग गो-माताओं को गो-शाला में रखेंगे।

दूध का व्यवसाय भी हमारे लोगों का जीवन बदलने में सहायक हो इसका प्रशिक्षण भी शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हमारी देशी गो-माता सर्वश्रेष्ठ हैं। हमारी देशी गो-माता के संवर्धन के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### हमारी देशी गो-माता हैं सर्वश्रेष्ठ, गो-माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार कृत-संकल्पित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन के ग्राम रत्नाखेड़ी स्थित कपिला गौ-शाला के संवर्धन और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गौ-शाला में पौध-रोपण कर संपूर्ण जिले में अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कपिला गौ-शाला का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने गौ-शाला में गौ-माता का पुष्पमाला पहनाकर, तिलक लगाकर पूजन किया और आरती उतारी। नन्हे बछड़ों को पशु चारा खिलाकर दुलार भी किया। उन्होंने गौ-शाला में उपलब्ध आधुनिक पशु चारा मशीन सहित अन्य उपकरणों का अवलोकन किया। कपिला गौ-शाला के अच्युतानंद जी महाराज ने गौ-शाला में किए गए नवाचार के साथ गौ-शाला संवर्धन के मास्टर प्लान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में पौध-रोपण और उसके संरक्षण की संकल्प लेने वाले विभिन्न संस्थाओं को पौधे भेंट किया।

### गाय चराचर जगत की माता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि 10 पुत्रों की बजाय अगर एक गौ-माता हो तो उसका महत्व 10 पुत्रों से बढ़कर होता है। हमारे यहां कहा गया है गावो विश्वस्य मातरः यानी गाय चराचर जगत की माता हैं। गौ-माता की सेवा से योगीराज श्रीकृष्ण, गौ-पालक गोपाल कृष्ण के रूप में विख्यात हुए। हमारी गौमाता भारतीय सनातन संस्कृति की प्राण हैं। गंगा, गीता, गायत्री, गोवर्धन और गोविंद की तरह ही परम पूज्य हैं हमारी गौमाता। सर्वदेवमयी हि गौः गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है।

## चिंतन

# रूस यात्रा से एक तीर से सधेंगे कई निशाने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सोमवार से दो दिन की रूस यात्रा पर हैं। आठ और नौ जुलाई को पीएम रूस की राजधानी मॉस्को में रहेंगे। इस यात्रा को भारत की कूटनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अभी हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में पीएम ने शिरकत नहीं की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस लिहाज से एससीओ की शिखर बैठक के ठीक बाद पीएम मोदी के रूस की यात्रा पर जाने का बड़ा कूटनीतिक महत्व है। तीसरी बार भारत के पीएम बनने के बाद मोदी की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है, और इसके लिए उन्होंने रूस को चुना है, इसका अर्थ है कि भारत अपने सबसे विश्वसनीय वैश्विक साझेदार रूस को वैश्विक शक्ति संतुलन के परिप्रेक्ष्य में कितना अधिक महत्व देता है। पिछले महीने ही तीसरी बार शपथ के बाद पीएम जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेने इटली गए थे। वर्ष 2022 की फरवरी में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है, उस हमले के बाद से पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। मोदी ने पिछली बार 2019 में व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फ़ोरम में हिस्सा लेने के लिए रूस का दौरा किया था। रूस व यूक्रेन जंग में भारत तटस्थ रहा है और वार्ता के जरिये मसले सुलझाने की अपील करता रहा है। इस दौरान पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अलग-अलग व्यक्तिगत बातचीत में यह युद्ध का युग नहीं का संदेश दे चुके हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की शिखर बैठक में भी भारत ने पश्चिम के दबाव के चलते रूस के खिलाफ किसी भी एजेंडे को जी-20 के संयुक्त घोषणा में शामिल नहीं होने दिया था। रूस के नजरिये से पीएम की इस यात्रा का अर्थ पश्चिम की रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों को नकारना है। रूस और पश्चिम के खराब रिश्ते के चलते चीन पर बढ़ रही रूसी निर्भरता को साधने के लिए पीएम की इस यात्रा की टाइमिंग भी महत्वपूर्ण है। भारत व रूस के बीच शिखर सम्मेलन वर्ष 2021 से ही नहीं हुआ है। इस बार कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में हुई एससीओ की बैठक में रूस व चीन के बीच अपने-अपने एजेंडे को बढ़ाने की होड़ भी दिखी, इसके बाद भी अमेरिकी अदावत के चलते चीन और रूस करीब हैं। चीन व रूस की करीबी का भारत कूटनीतिक फायदा भी उठाता रहा है, इसके बावजूद भारत की चेष्टा है कि चीन को मॉस्को व नई दिल्ली के प्रगाढ़ रिश्ते की अहमियत का पता रहे। भारत पश्चिम के साथ अपने रिश्ते के साथ-साथ रूस संग भी अपने संबंध का संतुलन बनाए रखना चाहता है। इटली में जी-7 नेताओं से मिलने के कुछ ही दिनों बाद रूस गए हैं। एससीओ में नहीं जाने की कूटनीतिक भरपाई भी रूस यात्रा से हो जाएगी। पीएम अपने पूर्व के दो कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा के लिए पड़ोसी देशों को चुना, इस बार रूस गए हैं, यह दौरा भूराजनीतिक जरूरतों को बिम्बित करता है। इस बार यात्रा में यूक्रेन जंग, आपसी व्यापार, क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, तेल व गैस, हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति, भुगतान के मुद्दे, प्रस्तावित चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मैरिटाइम कॉरिडोर में निवेश और प्रमुख मिलिटरी लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट पर बातचीत होगी। इस यात्रा से चीन व यूएस लॉबी के पश्चिम दोनों के लिए भी संदेश हैं। वर्तमान भूराजनीतिक परिदृश्य में भारत व रूस की गहरी दोस्ती शक्ति संतुलन की प्रकाश पुंज है।

## सारा संसार



उत्तराखंड राज्य में गढ़वाल पहाड़ी पर स्थित, अलकनंदा नदी के पास स्थित बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। भारत के सबसे चमत्कारी मंदिर होने के नाते यहां हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। माना जाता है कि बद्रीनाथ के दर्शन के बिना केदारनाथ की यात्रा अधूरी है। गढ़वाल क्षेत्र के बीच बसे इस मंदिर की ऊंचाई 3133 मीटर है। हिमालय क्षेत्र में मौसम की स्थिति के चलते यहां बर्फ जम जाती है, जिस कारण ये मंदिर साल में छह महीने के लिए ही खुलता है।

## अग्निवीर योजना

शैलेन्द्र शुक्ला



# युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा और सशक्तिकरण का अनूठा अवसर

अग्निवीर योजना भारत में सेना द्वारा दी जाने वाली सेवा नहीं है, बल्कि यह 17-21 वर्ष के युवाओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य उन्हें तैयार करना है। विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है। यह कहकर कि अगर वे सेना में समायोजित नहीं हुए तो वे 21 साल की उम्र में बेरोजगार हो जाएंगे। इस योजना के अनुसार, न्यूनतम 25% युवाओं को सेना में समायोजित किया जाएगा।

अग्निवीर योजना के अंतर्गत, युवाओं को न केवल सेना में भर्ती होने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान, उन्हें विभिन्न प्रकार की कौशल विकास गतिविधियों में भी शामिल किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में अन्य रोजगार के अवसरों के लिए भी तैयार रह सकेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित करना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से, वे अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करेंगे, जो जीवन के हर क्षेत्र में उनके लिए लाभदायक सिद्ध होंगे।

अतः यह कहना कि वे बेरोजगार रह जाएंगे, बिल्कुल गलत है। अग्निवीर योजना युवाओं को बहुमूल्य अनुभव और कौशल प्रदान करती है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़नेमेंसहायताकरेंगे। सामान्यतः लोग 17 साल की उम्र के बाद बीए, बी. कॉम, बीई, एमबीबीएस या अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज में दाखिला लेते हैं। इन पाठ्यक्रमों के बाद सेवा की कोई गारंटी नहीं होतीहै। छात्रों को अपनी फीस खुद ही देनी होती है और अपने खर्चों पर जीना होता है। इन पाठ्यक्रमों केबादकोई एक मुश्त सेवा निधि नहीं मिलती है। जो लोग किसी कारणवश अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकते या उच्च माध्यमिक के बाद सेना में शामिल होना चाहते हैं, वे अग्निवीर योजना के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्हें मुफ्तआवास, स्वस्थ आहार और एक अनुशासित नागरिक बनने के लिए उचित शारीरिक प्रशिक्षण मिलेगा।

अग्निवीर योजना युवाओं के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करती है, जो उन्हें न केवल सेना में, बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों मेंआगे बढ़नेमें सहायता करतीहै। इस योजना के बारे में सही जानकारी फैलाना और युवाओं को इसके लाभों से अवगत कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है।



विश्लेषण

उज्ज्वल वीरेंद्र दीपक


# केवल दंड नहीं, न्याय पर भी फोकस

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन के साथ, भारत में सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया। हम जो देख रहे है वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

भारतीय न्याय संहिता और कानूनी प्रणाली में अन्य ऐतिहासिक बदलावों के साथ, हम औपनिवेशिक शासन का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और अमृत काल में आधुनिकता की छलांग देख रहे हैं। 1 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन के साथ, भारत में किसी भी सरकार द्वारा किए गए सबसे साहसी विधायी प्रयासों में से एक लागू हो गया है। यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह लेता है, जिन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान तैयार किया गया था। 19वीं शताब्दी में अपनी स्थापना के बाद से आईपीसी और सीआरपीसी भारत में सबसे कम संशोधित कानून थे। इसके विपरीत, 1950 में लागू हुए संविधान में 100 से अधिक बार संशोधन किया गया। यह एक विडम्बना है कि संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियों की पिछली कई सरकारों ने हमारी कानूनी और न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करने का कोई प्रयास नहीं किया।

भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में औपनिवेशिक मानसिकता और उपनिवेशवाद की गंध वाले कानूनों से आजादी के मुद्दे को उठाया। नए भारत को निस्संदेह ब्रिटिश-युग के औपनिवेशिक कानूनों में सुधार और न्यायशास्त्र में परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय चेतना से संपन्न और संविधान की भावना के अनुरूप तीन नए अधिनियम हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाले हैं। न्याय, भारतीय संविधान, भारतीयता और नागरिकों की भलाई इन नए अधिनियमों के मूल में होगी। कानून और व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से मौजूदा आपराधिक कानूनों की समीक्षा करना और कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था ताकि 140 करोड़ नागरिकों के लिए जीवन में आसानी और न्याय में आसानी सुनिश्चित हो सके।

नए अधिनियम न केवल समसामयिक हैं, बल्कि भविष्योन्मुखी भी हैं, जिनका उद्देश्य सभी को शीघ्र न्याय प्रदान करना है। लोगों की समसामयिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप एक ऐसी कानूनी संरचना का निर्माण किया गया है जो नागरिक केंद्रित हो और नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता को सुरक्षित रखे। तीन नए कानून पुलिस को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ित-केंद्रित हैं। 1860 में बनी भारतीय 'दंड' संहिता का उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना नहीं बल्कि सजा देना था। तीनों नए कानून न्याय, समानता और निष्पक्षता के बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर लाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने इन तीन पुराने कानूनों में बदलाव लाने के लिए 2019 से गहन विचार-विमर्श शुरू किया था। इन कानूनों को लेकर कुल 3200 सुझाव प्राप्त हुए और गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुझावों और संशोधनों पर सूक्ष्मता से विचार करते हुए इन तीनों कानूनों पर विचार करने के लिए 158 बैठकें कीं। बीएनएस आईपीसी के कुछ प्रावधानों को अधिक संक्षिप्त बनाने के लिए समेकित




करता है और 511 धाराओं की तुलना में 356 धाराएं पेश करता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रमुख आपराधिक क़ानून में आतंकवाद को पारिभाषित किया है, और यह एक शून्य-सहिष्णुता नीति को दर्शाता है। इन कानूनों में पहली बार संगठित अपराध को भी पारिभाषित किया गया है। संगठित अपराध में अपहरण, जबरन वसूली, कॉन्ट्रैक्ट हत्या, जमीन पर कब्जा, वित्तीय घोटाले और अपराध सिंडिकेट की ओर से किए गए साइबर अपराध जैसे अपराध शामिल हैं।

नई चुनौतियों के अनुसार, आर्थिक अपराध शब्द को पहली बार संगठित अपराध के हिस्से के रूप में पेश किया गया है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला लेन-देन और पारंपरिक वित्तीय जालसाजी के अपराध शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर एक नया अध्याय समर्पित किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और मृत्युदंड का प्रावधान है। सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 20 साल की कैद या मौत तक कैद की सजा का प्रावधान है। यह किसी महिला के साथ धोखे से या झूठे वादे करके यौन संबंध बनाने को भी अपराध मानता है। दूसरी ओर, बीएनएस निर्दिष्ट आधार पर पांच या अधिक लोगों द्वारा की गई हत्या या गंभीर चोट को अपराध के रूप में जोड़ता है। इन आधारों में नस्ल, जाति, लिंग, भाषा या व्यक्तिगत विश्वास शामिल हैं। ऐसी हत्या की सजा आजीवन कारावास या मौत है। न्याय संहिता, 2023 के कार्यान्वयन; नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और साक्ष्य अधिनियम, 2023 के साथ भारत ने एक साहसिक कदम बढ़ाया है।


न्याय की प्राचीन अवधारणा, न्याय के आधुनिक मिश्रण और नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक उन्नत डिजाइन के साथ, सभ्यतागत ज्ञान और आधुनिकता के मिश्रण के साथ इन नए कानूनी सुधारों को मूर्त रूप दिया गया है। समेकन और सुव्यवस्थितीकरण, भाषा और परिभाषाओं का आधुनिकीकरण, विस्तारित क्षेत्राधिकार, अपराधों की संशोधित और नई श्रेणियां, लिंग-तटस्थ प्रावधान और हमारी कानूनी प्रणाली के प्रतिशोधात्मक सिद्धांतों पर पुनर्विचार किया गया है। मौत, आजीवन कारावास, कारावास, संपत्ति की जब्ती और जुर्माने की पहले से निर्धारित सजाओं से आगे बढ़ते हुए, बीएनएस की धारा 4 (एफ) की शुरुआत एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है, जिसमें सजा का छठा रूप 'सामुदायिक सेवा' जोड़ा गया है । ऐतिहासिक रूप से, आईपीसी ने प्रतिशोधात्मक सिद्धांत में निहित दंडात्मक उपायों पर जोर दिया - अपराधी को दंडित करना और पीड़ितों को मुआवजा देना। बीएनएस और अन्य उपायों के साथ, अब हम दंड को मानवीय बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं और केवल प्रतिशोध के बजाय पुनर्वास पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब निश्चित रूप से यह नहीं है कि हमारी नई कानूनी प्रणाली अपराधी को बेदाग छूट देगी। बीएनएस के तहत 83 अपराधों में जुर्माना राशि बढ़ाई गई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक सेवा के लिए दंड छह अपराधों में पेश किया गया है, और 19 धाराओं को अधिनियम से निरस्त या हटा दिया गया है।

नए कानून भारत में एक आधुनिक न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन की कल्पना करते हैं, जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान लाए गए हैं। हम जो देख रहे हैं वह औपनिवेशिक का पूर्ण परिवर्तन, प्राचीनता का पुनरुद्धार और आधुनिकता की छलांग है और अब केवल दंड नहीं, बल्कि न्याय पर भी ध्यान केंद्रित है।

(लेखक कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित

## दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित

## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। तीसरा, पहाड़ी रास्तों में सावधानी बरतनी चाहिए। *- रमेश साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका विदेशी जहाजों पर से प्रतिबंध अगले साल हटाएगा

श्रीलंका ने विदेशी अनुसंधान जहाजों के आगमन पर अगले साल से प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। जापान की मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। उच्च प्रौद्योगिकी वाले चीनी जासूसी जहाजों द्वारा श्रीलंकाई बंदरगाह पर लंगर डालने संबंधी बार-बार के अनुरोध के बाद जताई गई सुरक्षा चिंताओं के बाद यह प्रतिबंध लगाया गया था। प्रतिबंध हटाने के निर्णय की जानकारी श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने 'एनएचके वर्ल्ड जापान' को दी। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाजों की बढ़ती आवाजाही पर नयी दिल्ली ने चिंता व्यक्त करते हुए इनके जासूसी जहाज होने का अंदेशा जताया था और कोलंबो से आग्रह किया था कि वह ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर न आने दे। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में एक चीनी जहाज के लिए हालांकि छूट दी गई थी। एनएचके वर्ल्ड जापान की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार, साबरी ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा।



## ऑफ बीट

# संक्रमण से सुरक्षा पाने साल में दो बार लगाए इंजेक्शन

दक्षिण अफ्रीका और युगांडा में व्यापक स्तर पर किये गए एक क्लिनिकल परीक्षण से पता चला है कि नयी रोग-निरोधक दवा का साल में दो बार इंजेक्शन युवतियों को एचआईवी संक्रमण से पूरी सुरक्षा देता है। परीक्षण में यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या 'लेनकापाविर' का छह-छह महीने पर इंजेक्शन, दो अन्य दवाओं (रोज ली जाने वाली गोलियों) की तुलना में एचआईवी संक्रमण के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान करेगा। सभी तीन दवाएं 'प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस' (रोग निरोधक) दवाएं हैं। अध्ययन के दक्षिण अफ्रीकी भाग के प्रमुख अन्वेषक, चिकित्सक-वैज्ञानिक लिंडा-गेल बेकर ने बताया कि कि यह सफलता इतनी महत्वपूर्ण क्यों है और आगे क्या उम्मीद की जाए। लेनकापाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावकारिता का परीक्षण 5,000 प्रतिभागियों के साथ 'उद्देश्य 1' परीक्षण युगांडा में तीन स्थलों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थलों पर किया गया। लेनकापाविर (लेन एलए) एचआईवी कैप्सिड में प्रवेश करता है। कैप्सिड एक प्रोटीन शेल है जो एचआईवी की आनुवंशिक सामग्री और प्रतिकृति के लिए आवश्यक एंजाइमों की रक्षा करता है। इसे हर छह महीने में एक बार त्वचा में लगाया जाता है।



## ट्रेंड


### राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा



वीरभूमि हिमाचल के सपूत, परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध के दौरान शौर्य की जो अमर गाथा लिखी वह अमिट अक्षरों में दर्ज रहेगी। आज उनके बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। आपके सर्वस्व अर्पण के लिए कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### शुभ संकल्प रखें



जीवन की सफलता और संसिद्धि सद्विचार और पारमार्थिक प्रवृत्तियों में सन्निहित है जो हमें शुभ संकल्प, साधु-सन्तों की सत्प्रेरणा और अनुग्रह से सहज ही उपलब्ध हो जाती है ।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### लोको पायलट्स को सुविधा नहीं



नरेंद्र मोदी की सरकार में लोको पायलट्स के जीवन की रेल पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गर्मी से खौलते केबिन में बैठ कर लोको पायलट्स 16-16 घंटे काम करने को मजबूर हैं। जिनके भरोसे करोड़ों ज़िंदगियां चलती हैं, उनकी अपनी ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### ऐसे बनें करिश्माई



करिश्माई बनने के तरीके- सच्चे बनो, शांत रहें, सम्मान रखें, मुस्कुराओ, ऊर्जावान बनाना, उत्साही बनो, प्रामाणिकता, महान संचार कौशल, सकारात्मकता का संचार करें और आँख से संपर्क रखें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## ‘विकसित भारत’ का होगा बजट

# मध्यम वर्ग को तोहफा देने के मिले संकेत, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण दिखेगा

## वित्तमंत्री ने उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग किया विचार-विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक ‘विकसित भारत’ का रास्ता तैयार करेगा। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि आगामी बजट सत्र में कई ऐतिहासिक कदम और बड़े आर्थिक फैसले के संकेत मिल रहे हैं।

### खास बातें

- बजट-पूर्व उद्योग जगत से विचार मंथन की प्रक्रिया पूरी
- 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी सीतारमण
- यह नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा



### राष्ट्रपति के संबोधन से अटकलें हो गई थीं तेज



18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक को अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा था कि इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ-साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आम बजट 2024-25 के लिए बजट पूर्व परामर्श 19 जून से शुरू हुआ और पांच जुलाई को समाप्त हुआ।

### 120 से अधिक लोगों ने चर्चा में भाग लिया

विचार-विमर्श के दौरान 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के अलावा व्यापारिक संगठनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र रोजगार और कौशल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्योग (एमएसएमई), व्यापार और सेवाएं, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार और बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इन बैठकों में वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय सचिव टीवी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) सचिव तुहिन के पांडेय, वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी और राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा सहित अन्य ने भाग लिया।

### ये भी रहे बैठक में शामिल

इन बैठकों में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज गोविल, संबंधित मंत्रालयों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक ‘विकसित भारत’ का रास्ता तैयार करेगा।

## खबर संक्षेप

### सत्येंद्र पर 7 करोड़ घूस लेने का मामला दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के एक फैसले से आम आदमी पार्टी सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ा झटका लगा है। उप राज्यपाल ने जैन के खिलाफ 7 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में जांच की सिफारिश की है। यह मामला दिल्ली में सीसीटीवी लगाने में हो रही देरी से जुड़ा है। वे पीडब्ल्यूडी मंत्री थे।

### झारखंड में तीन मंजिला इमारत गिरी, 3 की मौत



**रांची।** झारखंड में भी सूरत जैसा बड़ा हादसा हो गया है। यहां 3 मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया है। इस हादसे में अब तक 3लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ,जिला अधिकारियों की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। घटना झारखंड के देवघर की बताई जा रही है।

### अब मोतिहारी में गिरी पुलिया, सियासत गरम



**मोतिहारी।** बिहार में पुलों के ध्वस्त होने का सिलसिला जारी है। अब मोतिहारी से एक पुलिया के ध्वस्त होने की खबर आई है। पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड के लोहार्गवा गांव में दो लाख की लागत से बना आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। 14 में वित्त आयोग के अनुशंसा पर 2019 में इस पुलिया का निर्माण कराया गया था।

### राहुल ने पत्र लिख योगी से किया मदद का अनुरोध



**नई दिल्ली।** हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ मचने और कई लोगों की मौत होने की घटना पर राजनेता दौरे और बयान जारी हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हादसे के पीड़ितों की मदद करने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी एक दिन पहले ही हाथरस के दौरे पर गए थे।

### कोलकाता सीपी, डीसीपी सेंट्रल पर होगी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बंगाल में तैनात दो सीनियर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। पुलिस कमिश्नर और डीसीपी सेंट्रल पर कार्रवाई होगी। इन पर राजभवन की छवि को धूमिल करने का आरोप है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस की शिकायत के बाद यह एक्शन लिया है।

## तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की हत्या मामले ने पकड़ा तूल

# राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं असली अपराधी अब भी पकड़ से दूर क्यों?

## हत्या मामले को लेकर स्टालिन सरकार पर बरसीं बसपा प्रमुख

**मायावती ने आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी**

**न्याय के लिए सीबीआई जांच की जाए**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है।

उन्होंने दावा किया कि अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असली अपराधी नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से पीड़िता को न्याय सुनिश्चित करने के लिए जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया।बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि दी। शहर के पेरंबूर में एक निजी स्कूल में 52 वर्षीय नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### राज्य सरकार को न्याय देना चाहिए

उन्होंने यह भी कहा कि देर शाम हमलावरों के एक समूह द्वारा जिस तरह से आर्मस्ट्रांग की हत्या की गई, उससे पता चलता है कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सीएम स्टालिन को आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहिए और जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली दोषियों को पकड़ा नहीं गया है। जांच सीबीआई को सौंपी जाए। हमें उम्मीद नहीं है कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी।



### हम और राज्य इकाई चुप नहीं बैठेंगे

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और हम चुप नहीं बैठेंगे। हमारी राज्य इकाई चुप नहीं बैठेगी और इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाएगी। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी कि उनके परिवार और समर्थकों को यह दुख सहन करने की शक्ति दे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पार्टी और कैडर को आगे आना चाहिए। मगर साथ ही कानून की सीमा के भीतर रहना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि कमजोर वर्ग कानून अपने हाथ में नहीं लेता है।

### दलितों को सुरक्षा देनी चाहिए

बसपा नेता ने कहा कि आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद पूरे राज्य के दलित डर में हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पार्टी ने मामले को गंभीरता से लिया है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता कानून व्यवस्था को अपने हाथ में न लें। उन्होंने कहा कि मैं राज्य सरकार और विशेष रूप से सीएम से आग्रह करती हूं कि उन्हें राज्य में कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। विशेष रूप से कमजोर वर्गों को सुरक्षित महसूस करना चाहिए। अगर सरकार गंभीर होती तो असली आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार कर लिया गया होता। मगर अब ऐसा नहीं है तो हम राज्य सरकार से मामले को सीबीआई को सौंपने का आग्रह करते हैं।



**हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला**

### नेता का शव पार्टी के दफ्तर में नहीं दफनाया जा सकता

आर्मस्ट्रांग के शव को राज्य की राजधानी में पार्टी के कार्यालय में नहीं दफनाया जा सकता। मद्रास हाईकोर्ट ने आज डीएमके सरकार के रुख को बरकरार रखते हुए यह फैसला सुनाया। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को चेन्नई में उनके घर के पास हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि के आर्मस्ट्रांग के शव को निकट के तिरुवल्लुवर जिले में एक एकड़ निजी स्वामित्व वाले भूखंड में दफनाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि बसपा समर्थकों द्वारा शवयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जानी चाहिए। इससे पहले मृत बसपा नेता की पत्नी के पोरकोडी ने कोर्ट में याचिका दायर करके शव को चेन्नई में पार्टी के दफ्तर में दफनाने की इजाजत मांगी थी।

## उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना, रेड अलर्ट

# नदियां उफनी, बारिश और भूस्खलन से 109 मार्ग बंद



◆ जिलाधिकारियों को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने अलर्ट किया

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश जारी है। नदियां उफान पर हैं। भूस्खलन के कारण मलबा सड़क पर आने से राज्य के कई प्रमुख राजमार्ग बाधित हो रहे हैं। ऐसे में भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बहुत भारी बारिश और एक-दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। आईएमडी ने बताया कि अगले पांच दिनों में पश्चिमी तट, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्सों और उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### 9 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, केंद्र ने भी किया आगाह

उत्तराखंड के 9 जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी पर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट किया है। केंद्र ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों के आवागमन पर रोक लगाते हुए एडवाइजरी जारी की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने की आशंका है। गर्जन के साथ आकाशीय बिजली भी चमक सकती है। सभी जिलाधिकारियों को तत्परता एवं सुरक्षा बनानी होगी। रखते हुए आवागमन में नियंत्रण रखने को कहा गया है।

### कई लोगों की मौत और 24 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में भारी बाढ़ के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त है। नदियों के उफान पर आने के चलते लोगों को अपना घर तक छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। राज्य में हालत ऐसी है कि बाढ़ के चलते 58 लोगों की जान जा चुकी है और 30 जिलों के 24 लाख लोग प्रभावित है। काजीरंगा में बड़ी संख्या में जानवर भी मारे गए हैं और कई घायल हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि एक माह में बाढ़ की भयावह स्थिति ने पूरे राज्य में 58 लोगों की जान ले ली है।

**यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर बना जानलेवा गड्ढा**

## गड्ढे में डूबे 4 बच्चों की मौत और बचाने के फेर में 6 लोग भी डूबे

एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा में खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में नहाने गए 4 बच्चों को डूबते देख महिला सहित 6 लोग बचाने के लिए पानी में कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें 4 बच्चों की मौत हो गई।

वहीं अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक भी मौके पर पहुंच गए। खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व औरेया के रहने वाले 7 मजदूर परिवार विगत दिनों से यहां तम्बू लगाकर रह रहे हैं। आसपास के गांवों में जाकर समान बेचते थे। रविवार सुबह पास में ही बने पानी से भरे गड्ढे में 3 बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे।



### रस्सी डालकर कुछ लोगों को निकाला

आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी एक साथ डूबने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, जिनमें हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई। अन्य सभी को उपचार के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर एसीपी और विधायक भी पहुंच गए।

### कितनी बार बच्चे की तरह रोएंगे उद्धव ठाकरेः शिंदे



**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे पर पार्टी का चुनाव चिन्ह चुराने का आरोप लगाया था। शिंदे ने उद्धव पर पलटवार किया है। शिंदे ने कहा कि उन्होंने दिवंगत शिवसेना सुप्रीमो बालासाहेब ठाकरे के विचारों को त्याग कर बहुत बड़ी गलती की है। इसका उन्हें एहसास होगा। शिंदे ने कहा, आप कितनी बार बच्चे की तरह रोएंगे।

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कही बड़ी बात**

## अमृतपाल और राशिद को जनता ने चुना, प्रक्रिया के तहत दिलाई शपथ

### कोटा में स्पीकर ने जीवंत और संपन्न लोकतंत्र का संकेत बताया

एजेंसी ▶▶ कोटा

लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव को ओम बिरला ने जीवंत और संपन्न लोकतंत्र का संकेत बताया। इस बार विपक्ष ने ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया था।

हालांकि मत विभाजन की नौबत नहीं आई और बिरला ने ध्वनिमत से चुनाव जीता था। इस बीच अमृतपाल और इंजीनियर राशिद के चुनाव जीतने पर ओम बिरला ने शपथ दिलाने पर भी बात की।



### अदालती आदेश का भी पालन किया गया

कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह और आतंकवाद के वित्तपोषण मामले के आरोपी इंजीनियर राशिद के जेल से चुनाव जीतने पर बिरला ने कहा कि दोनों सदस्यों को जनता ने चुना है। लोकसभा के प्रक्रिया नियमों और अदालतों के आदेश के अनुसार शपथ दिलाई है। निर्दलीय अमृतपाल ने पंजाब के खडूर साहिब और इंजीनियर राशिद ने जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव जीता है।

### सड़क और संसद की बहस में अंतर होना चाहिए

*24 जून से 3 जुलाई तक 18वीं लोकसभा का पहला सत्र चला। यह सत्र बेहद हंगामेदार रहा है। हंगामा और विपक्ष के व्यवधान पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद और सड़कों पर होने वाली बहसों में अंतर होना चाहिए।*

## संसद में हिंदुओं के खिलाफ की थी विवादित टिप्पणी, अयोध्या में एकजुट हुए संत

# राहुल गांधी पर हिंदुओं का अपमान करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

लोकतंत्र के मंदिर भारत की संसद में राहुल गांधी के बयान कि हिंदू हिंसक होता है पर अयोध्या के संतों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हिंदू हिंसक हो जाएगा तो राहुलको देश छोड़कर जाना पड़ेगा। संत समाज ने एकजुट होकर ऐलान किया कि सनातन की रक्षा के लिए कांग्रेस का विरोध करना होगा क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में उन्होंने हिंदुओं का विरोध किया है।

इस अवसर पर बड़ाभक्तमाल के महंत स्वामी अवधेश कुमार दास ने कहा कि सारे अयोध्यावासियों के अंदर घोर वेदना थी। पूरा हिंदुस्तान इनका विरोध करेगा। अयोध्या के राजा सिर्फ राजा राम हैं। उनके अलावा और कोई दूसरा राजा नहीं है। श्रीरामकथाकुंज के महंत डॉ. रामानंद दास ने कहा कि राहुल का वक्तव्य ओछी मानसिकता का प्रतीक है। वह नेता प्रतिपक्ष के लायक नहीं है। सारा संत समाज इनसे दुखी है। बावन मंदिर के महंत वैदेहीवल्लभ शरण ने कहा कि हिंदू सदैव अंहिसा वाला है वह अहिंसा का पाठ पढ़ता है। हम सबको एक होने की जरूरत है। हिंदू समाज राहुल को कभी माफ नहीं करेगा।

जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य ने कहा कि राहुल ने हिंदू समाज का अपमान किया है। संत समाज इसकी घोर निंदा करता है। यह हिंदू समाज का अपमान है। जो हिंदू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। हम निंदा प्रस्ताव



पास करते हैं। रंगमहल पीठाधीश्वर महंत रामशरण दास ने कहा कि राहुल ने संतों के साथ-साथ इस देश के सबके साथ अपमान किया है। हिंसक कहना हमारे राम, संस्कृति व देश का अपमान है। हम सबके प्राणों पर आघात किया है। इनका मंदिरों में प्रवेश पर रोक लगा देना चाहिए। रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण ने कहा कि राहुल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव का संपूर्ण संत समाज समर्थन करता है। वह देश के संपूर्ण हिंदू समाज से माफी मांगे। खाकचौक महंत बृजमोहन दास ने कहा कि राहुल ने जो बोला वह निंदनीय है। अयोध्या की निंदा करने वाला खुद निंदनीय है। मंदिर महंत मनीष दास ने कहा कि संसद जैसे पवित्र स्थान पर बैठकर हिंदू समाज को गाली दी जाती है। संपूर्ण संत समाज इसका विरोध व निंदा करता है। हिंदू को हिंसक कहना घोर निंदनीय है। तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास ने कहा कि चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। राहुल को भगवान सद्बुद्धि दें। महंत गौरी शंकर दास ने कहा कि राहुल के बयान को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। महंत शशिकांत दास ने कहा कि फिरोज गांधी के खानदान से क्या अपेक्षा की जाए। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति पर संकट है। अयोध्या पूरी दुनिया को रास्ता दिखा सकती है। उसकी छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल का वक्तव्य बहुत छोटी चीज है। श्री राम आश्रम के महंत जय रामदास ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परमहंस आश्रम के महंत गोविंद दास, महंत राममिलन शरण, हनुमानगढ़ी के महंत गौरीशंकर दास, महंत शशिकांत दास, महंत जनार्दन दास, महंत मनीष दास, महंत अंजनी शरण, महंत माधवदास रामायणी, साकेत भवन मंदिर के महंत सीताराम दास, महंत राममिलन शरण, परमहंस आश्रम के महंत गोविंद दास, महंत धर्मदास, एमबी दास सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस व इंफोसिस शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 1,83,290.36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक फायदे में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर चर्चा इसी माह

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे।

### सचिव स्तर के अधिकारी ही बन पाएंगे ट्राई चेयमैन

**दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार अधिनियम के तहत नियमों को अधिसूचित कर दिया है जिसके मुताबिक केवल सरकार के सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी ही दूरसंचार नियामक ट्राई के चेयरमैन पद के लिए पात्र होंगे।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। दूसरी ओर आयातित सोयाबीन डीगम तेल की जुलाई खेप की कीमत में वृद्धि के कारण बाकी सभी देशी एवं आयातित तेल-तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला।


## जॉब

☛ सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, भारतीय वनविभाग द्वारा निकाली पक्की सीधी भर्ती परमानेंट बेसेस पर, (10008) पद-फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, पदों पर (10वीं-12वीं) पास लड़के लड़कियां आवेदन करे। सैलरी-(28600-35600) कॉल/व्हाट्सएप करे-8274989318

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# जेप्टो अगले 24 महीने में बन जाएगी डी-मार्ट से भी बड़ी कंपनी : सीईओ का दावा

## जेप्टो के को-फाउंडर आदित पलिचा ने उम्मीद जताई, डीमार्ट बिक्री के मामले में हमसे 4.5 गुना अधिक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी करने वाली कंपनी, जेप्टो अगले 18 से 24 महीने में बिक्री के मामले में दिग्गज ऑफलाइन रिटेल कंपनी डीमार्ट को भी पीछे छोड़ सकती है। जेप्टो के कोफाउंडर और सीईओ आदित पलिचा ने एक कार्यक्रम के दौरान ये दावा किया। पलिचा ने कहा, डीमार्ट 30 बिलियन डॉलर की कंपनी है और बिक्री के मामले में वे हमसे 4.5 गुना अधिक हैं। अगर हम अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, तो हमारी बिक्री में हर साल 2-3 गुना बढ़ती रहेगी। इस रफ्तार पर हम अगले 18-24 महीनों में डीमार्ट से आगे निकल जाएंगे, जो एक शानदार कंज्यूमर कंपनी है।

### जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में

सीईओ ने कहा कि जेप्टो देश के टॉप 40 शहरों में 5 से 7.5 करोड़ परिवारों पर फोकस कर रहा है। इस आबादी का देश की ग्रॉसरी और रोजाना उपभोग वाली वस्तुओं की खरीदारी में काफी योगदान है। पलिचा के मुताबिक, देश का किराना मार्केट वित्त वर्ष 2029 तक बढ़कर 850 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा, जिसमें से इन परिवारों का योगदान 400 अरब डॉलर का होगा।




### हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे

दिल्ली में आयोजित जेआईआईएफ फाउंडेशन डे कार्यक्रम में बोलते हुए पलिचा ने कहा, किराना सामान उन सभी कैटेगरी से बड़ा है, जिनकी सेवाएं अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां देती हैं। हम सबसे बड़ी कैटेगरी का निर्माण कर रहे हैं। पिछले 3 सालों में हमारी यात्रा बहुत रोमांचक रही है। हम 3 साल से भी कम समय में शून्य से 10,000 करोड़ रुपए (बिक्री में) तक पहुंच गए हैं।

### इंटरनेट इंडस्ट्रीज में सबसे तेज भारतीय कंपनी

यह इंटरनेट इंडस्ट्रीज में ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय कंपनी है। फ्लिपकार्ट को इस लक्ष्य तक पहुंचने में 4 साल लगे थे। हमने यह 2.5 सालों में ही कर दिया। उन्होंने कहा, हम अपने आप को एक हाइपरलोकल वॉलमार्ट के रूप में देखते हैं। इसी बात ने हमें विस्तार करने और मुनाफे के उस बिंदु तक पहुंचने में मदद की है, जहां हम आज पहुंचे हैं।

## न्यूयार्क के मार्क किंग्डन ने रिपोर्ट का लाभ उठाया

# हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से दो माह पहले अदाणी से संबंधित रिपोर्ट अपने ग्राहक से साझा की : सेबी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है। सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष (हेज फंड) और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने किया खुलासा

कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा है कि किंग्डन ने कभी यह खुलासा नहीं किया कि उनका हिंडनबर्ग के साथ कोई संबंध था और न ही वे किसी मूल्य-संवेदनशील जानकारी के आधार पर काम कर रहे थे। सेबी ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति को बताया था कि वह 13 ऐसी बाहरी 'अस्पष्ट' इकाइयों की जांच कर रहा है जिनकी अदाणी समूह के पांच सार्वजनिक रूप से कारोबार वाले शेयरों में 14 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी थी।




### भारत डराने धमकाने का प्रयास करता है: हिंडनबर्ग

वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है।

### कोटक महिंद्रा केएमआईएल से संबंधित थी

साथ ही उसने खुलासा किया है कि अदाणी की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया वह कोटक महिंद्रा (इंटरनेशनल) लिमिटेड (केएमआईएल) से संबंधित थी, जो कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड की मॉरीशस स्थित अनुषंगी कंपनी है।

### सेबी का इन लोगों को नोटिस

सेबी ने न केवल हिंडनबर्ग को, बल्कि केएमआईएल, किंग्डन और हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन को भी नोटिस भेजा है। पूर्व में अदाणी समूह के पक्ष में बात करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया है कि किंग्डन का चीन से संपर्क है। किंग्डन का विवाह 'चीनी जासूस' अनला चेंग के साथ हुआ है।

### अदाणी इंटरप्राइजेस पर लगाया गया दांव

केएमआईएल के कोष ने अपने ग्राहक किंग्डन के किंग्डन कैपिटल मैनेजमेंट के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड पर दांव लगाया। सेबी के नोटिस में अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) में भविष्य के अनुबंध बेचने के लिए हेज फंड के एक कर्मचारी और केएमआईएल के कारोबारियों के बीच 'चैट' के अंश शामिल हैं।

### जेठमलानी का आरोप

जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीनी जासूस चेंग ने अपने पति मार्क किंग्डन के साथ अदाणी पर एक शोध रिपोर्ट तैयार करने के लिए हिंडनबर्ग की सेवाएं ली। उन्होंने अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए ट्रेडिंग खाते को कोटक की सेवाएं लीं और इसके जरिये लाखों डॉलर कमाए। इससे अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में भारी गिरावट आई।

# स्नैक्स की सामग्री सूची 73 फीसदी भारतीय पढ़ते हैं



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

करीब 73 प्रतिशत भारतीय किसी भी स्नैक्स (नाश्ता) को खरीदने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य को पढ़ते हैं। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

इससे पता चलता है कि ज्यादातर भारतीय स्नैक्स खाते समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो रहे हैं।

देशभर में 6,000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण के आधार पर रविवार को जारी की गई 'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'सर्वेक्षण में शामिल 73 प्रतिशत लोग खरीदारी करने से पहले सामग्री सूची और पोषण मूल्य के लिए लेबल पढ़ना पसंद करते हैं। इनमें से 93 प्रतिशत ने पारदर्शिता पर जोर देते हुए लेबल पढ़ने और स्वस्थ विकल्पों को अपनाने की इच्छा जताई है।'

**'हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2024' में उपभोग के रुझानों की पड़ताल**

स्नैकिंग ब्रांड फार्मले की यह रिपोर्ट खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों के बीच जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अब सचेत हैं और वे संभावित हानिकारक पदार्थों के लिए खाद्य पैकेट की जांच करते हैं।

इसलिए, 10 में नौ उत्तरदाताओं ने स्नैक्स के लिए स्वस्थ विकल्प खोजने की कोशिश की।

### मखाना व मेवे स्नैकिंग खंड में उभरे

अब लगभग 60 प्रतिशत भारतीय मेवे, बीज और साबुत अनाज जैसे पौष्टिक तत्वों वाले प्राकृतिक उत्पादों का विकल्प चुन रहे हैं। मखाना और सूखे मेवे स्वस्थ स्नैकिंग खंड में सबसे अग्रणी बनकर उभरे हैं और 67 प्रतिशत भारतीय इन पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को पसंद करते हैं।

### हाउस ऑफ हिमालयाज व अमेजन इंडिया में करार

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों का ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' अब अमेजन इंडिया पर भी उपलब्ध होगा। दोनों ने इसको लेकर समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए। इस मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समझौते के बाद अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की विधिवत शुरूआत भी की।

## टीसीएस, एचसीएल टेक के इसी सप्ताह आएंगे रिजल्ट

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पहली तिमाही के नतीजे भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले सप्ताह की रिकॉर्ड तेजी के बाद स्थानीय बाजारों में कुछ नरमी दिख सकती है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कंपनियों का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों का सत्र इस सप्ताह शुरू हो रहा है।11 जुलाई को टीसीएस और 12 जुलाई को एचसीएल टेक्नोलॉजीज के तिमाही नतीजे आएंगे। इसके अलावा सरकार 23 जुलाई को 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। शेयर बाजार के लिए यह एक प्रमुख घटनाक्रम होगा। बाजार को उम्मीद है कि सरकार बजट में वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों की घोषणा करेगी। साथ ही मानसून की प्रगति पर भी सभी की निगाहें रहेंगी।गौड ने कहा कि इसके अलावा घरेलू और विदेशी संस्थागत (डीआईआई और



एफआईआई) निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स चार जुलाई को 80,392.64 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,401 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, 'बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े, औद्योगिकी उत्पादन के आंकड़े, फेडरल रिजर्व प्रमुख का संबोधन, ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े, अमेरिका के उपभोक्ता मुद्रास्फीति तथा बेरोजगारी दावे के आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

### बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 963.87 अंक या 1.21 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं निफ्टी 313.25 अंक या 1.30 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र शुरू हो रहा है। आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस से इसकी शुरुआत हो रही है। बाजार बेहतर नतीजों की उम्मीद कर रहा है।

**अप्रैल-जून तिमाही में एक अंकीय राजस्व वृद्धि संभव**

# एफएमसीजी कंपनियों को मार्जिन में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है। डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निर्माता डाबर को घरेलू बाजार में मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि उसके खाद्य और एफएमसीजी कारोबार की बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। निर्माताओं को उम्मीद है कि मार्जिन भी सालाना आधार पर बढ़ेगा। ऐसा जिंस कीमतों में नरमी और लागत-बचत पहल के चलते होगा।

### पंजाब एंड सिंध बैंक की 100 नई शाखाएं खोलने की योजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा, 'सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।' साहा ने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। साहा ने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।


## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिनांकः 06.07.2024, सुबह 8.43 बजे, को मकान नं0 एच–2 के सामने, मुख्य नाला गंगा विहार, गोकलपुरी, दिल्ली, के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **FIR No.: 19A, दिनांक 06.07.2024, पुलिस थाना गोकलपुरी, दिल्ली–110094** में रिपोर्ट दर्ज है।

नीचे मृत पुरूष की पहचान दी गई है :
**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 30 वर्ष, **कदः** 5'8", पहचान चिन्हः सीधी कलाई पर हल्का हरा लाल पत्ते के प्रकार का टैटू, **पहनावाः** सफ़ेद रंग का पैंट पहने हुये है।
अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना अध्यक्ष**
**पुलिस थाना गोकलपुरी, दिल्ली–110094**
**फोनः 8750870754, 9868922191**
**DP/8797/NE/2024**


## राशिफल

**मेष:** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष:** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5565




**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5564 का हल





# इंग्लैंड और नीदरलैंड ने अंतिम-4 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| डसेलडोर्फ

इंग्लैंड ने शनिवार रात को पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे। वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन शनिवार को उन्होंने भी शूट आउट में गोल दागा। इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा। स्विट्जरलैंड को ब्रील एंबोलो ने 75वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन साका में पांच मिनट बाद इंग्लैंड को बराबरी दिला दी जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय और फिर शूट आउट में खिंचा।

यूरो 2024





### नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से दी शिकस्त

*बर्लिन। नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनाई जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्डुर ने आत्मघाती गोल दागा जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई।*

कोपा अमेरिका

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूट आउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

**लास वेगास।** मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने शनिवार को यहां ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए। उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया



गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने पनामा को 5-0 से हराया।



### कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से रौंदा

ग्लेनडेल। कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### रग्बी : जागरुकता पैदा करना चाहते हैं सेरेवी

**मुंबई।** फिजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और अब भारत के कोच वेसाले सेरेवी ने देश में रग्बी को लेकर जागरुकता पैदा करने को अपना पहला लक्ष्य बनाया है। 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल 56 साल के सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला सेवेन्स रग्बी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। सेरेवी ने पीटीआई से विशेष बातचीत के दौरान कहा, 'मैं सामान्यतः दुनिया के इस हिस्से में, एशिया में, रग्बी पर ध्यान नहीं देता। लेकिन मैंने दुनिया के इस हिस्से में टीमों को रग्बी खेलते हुए देखा है।'

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे



**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा जिससे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था।

### क्रिकेट कोच के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था।

234 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेजबान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर

# भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रन से रौंदा, अभिषेक का तूफान

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत ने रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था। फिर भारत ने जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली भारतीय टीम को 13 रन से हार मिली थी। भारत ने मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को हरा दिया। भारत ने इस तरह टी20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की।



अभिषेक-ऋतुराज ने जोड़े 137 रन

पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई।

### सुदर्शन का डेब्यू

युवा ओपनर साई सुदर्शन को रविवार को हरारे में अपना टी20 डेब्यू करने का मौका मिला। कप्तान शुभमन गिल ने तमिलनाडु के इस ओपनर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7 | 8 |
| गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 02 | 04 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2 | 5 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 234/2

गेंदबाजी : बेनेट 2-0-22-0, मुजारबानी 4-1-30-1, चतारा 4-0-38-0, रजा 3-0-34-0, जोंग्वे 4-0-53-0, मेयर्स 1-0-28-0, मास्काद्जा 2-0-29-1.

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3 | 1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 09 | 1 | 3 |
| मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रजा का जुरेल बो आवेश | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0 | 0 |
| मडांडे पगबाधा बो बिश्नोई | 00 | 04 | 0 | 0 |
| मास्काद्जा रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4 | 0 |
| मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 02 | 04 | 0 | 0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 18.4 ओवर में 134/10

गेंदबाजी : मुकेश 3.4-0-37-3, अभिषेक 3-0-36-0, आवेश 3-0-15-3, बिश्नोई 4-0-11-2, सुंदर 4-0-28-1, पराग 1-0-5-0.

# जोकोविच 4 सेट में संघर्ष कर जीते स्वियाटेक का थमा अजेय अभियान

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन



सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

दूसरी तरफ स्वियाटेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। इसके साथ ही स्वियाटेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया।

### स्वियाटेक को रास नहीं आता ग्रास कोर्ट



*पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियाटेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट काफी रास नहीं आता है। 2022 में भी एलिज कोर्नेट ने तीसरे दौर में उन्हें हराकर उनके लगातार 37 मैच के विजयी अभियान पर रोक लगाई थी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।*

# एल्ड्रिन और अंकिता ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर धावक अंकिता ध्यानी ने रविवार को विश्व रैंकिंग कोटे के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम में सदस्यों की संख्या बढ़कर 30 हो गई।





लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एल्ड्रिन और अंकिता का नाम विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम सूची में शामिल है। राष्ट्रीय महासंघों ने अंतरराष्ट्रीय संस्था को अपने उन एथलीटों के बारे में सूचित किया जो कट बनाने के बावजूद विभिन्न कारणों से पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। इसी तरह का उदाहरण भारत के शीर्ष लंबी कूद के एथलीट एम श्रीशंकर का है, जिन्हें 8.27 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक से सीधे प्रवेश करने के बावजूद चोट के कारण खेलों से बाहर होना पड़ा। एल्ड्रिन सूची में 31वें स्थान पर हैं, जबकि 32 खिलाड़ी ओलंपिक में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में भाग लेंगे। अंकिता को 42वें स्थान पर रखा गया जो अंतिम रैंकिंग स्थान है। दो जुलाई को दोनों ही क्वालीफिकेशन ब्रैकेट से बाहर थे।

# पाकिस्तान स्टेडियमों पर खर्च करेगा 17 अरब रुपए

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए। पीसीबी के संचालन बोर्ड ने शनिवार को लाहौर में हुई बैठक में यह राशि मंजूर की, जिसमें महिला क्रिकेट पर खर्च के लिए 24 करोड़ रुपए भी आवंटित किए गए। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को यह भी बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी।




# बारिश ने फेरा भारत और दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों पर पानी

**चेन्नई।** भारत की तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने और दक्षिण अफ्रीका की अजेय बढ़त बनाने की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेर दिया जिसके कारण इन दोनों टीम के बीच दूसरा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां रद्द करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका में पहला मैच 12 रन से जीता था और इस तरह से वह तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तेजमिन ब्रिट्स के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारतीय पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई जो थमी नहीं और अंपायरों ने आखिर में स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर पांच मिनट पर मैच रद्द करने की घोषणा की। इससे पहले ब्रिट्स ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 39 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा अन्नेका बोश ने 32 गेंद पर छह चौकों की मदद से 40 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा (20 रन देकर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (37 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही।

# अविनाश ने अपना राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा जेना आठवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9.91 सेकेंड का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर दिखाया कि वह पेरिस ओलंपिक से पहले से पहली सही समय पर लय में आ रहे हैं। 29 वर्षीय साबले ने 8:11.20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला। इथियोपिया के अब्राहम सिमे 8:02.36 के समय से कीनिया के अमोस सेरेम ((8:02.36) से 'फोटो फिनिश' में पहले स्थान रहे। कीनिया के अब्राहम किबिवोट 8:06.70 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। साबले ने दो साल पहले बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और वह इसे तोड़ने में सफल रहे। यह उनका 10वां राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन रहा। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में ओलंपिक दल के सदस्य किशोर जेना का संघर्ष जारी रहा और वह 78.10 मीटर के प्रयास से आठवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.54 मीटर है और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 80.84 मीटर है।

## रोहित की कप्तानी पर बीसीसीआई सचिव शाह को भरोसा

# चैंपियंस ट्रॉफी और डब्लूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।



शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'अगला चरण डब्लूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे।' अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मै श्रीलंका में खेले थे।

### कप्तानी छोड़ने के अटकलों पर लगा विराम

शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे? रोहित जब तक कप्तानी नहीं छोड़ते तब तक भारत को एक बार फिर अलग-अलग प्रारूपों में दो कप्तान देखने को मिलेंगे। रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट में अगुआई करते रहेंगे जबकि हार्दिक पंड्या के टी20 प्रारूप में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्लूटीसी और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

# अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण



**जोहोर।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए।

एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी। इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की खैर नहीं, भारत की सीमा पर एआई कैमरों से निगरानी

एजेंसी ⏭ अगरतला

सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए भी बीएसएफ की ओर से विशेष अभियान शुरू किए गए हैं। अगरतला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त कैमरे से निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से इन विशेष कैमरों का उपयोग सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है।

■ बीएसएफ ने कड़े किए सुरक्षा के इंतजाम

मिली जानकारी के अनुसार संवेदनशील सीमा चौकियों पर जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों और तस्करों के नेटवर्क पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, बीएसएफ की ऐसी सभी गतिविधियों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति है और फील्ड कमांडरों को दलालों को पकड़ने के लिए खुफिया-आधारित अभियान शुरू करने के लिए कहा गया है।

"भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों की रोकथाम के लिए लगातार सुरक्षा उपाय बढ़ाए जा रहे हैं। बीएसएफ की ओर से सीमा पर निगरानी के लिए एआई युक्त कैमरे भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं जो कि विशेष तकनीकों से लैस हैं।"



### 198 बंग्लादेशी नागरिक पकड़े गए

बीएसएफ के आईजी ने कहा कि इसके परिणाम जमीन पर दिखाई दे रहे हैं। मौजूदा वर्ष में 29 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती की गई है और 198 बांग्लादेशी नागरिकों और 12 रोहिंग्याओं को पकड़ा गया है। इस साल 32 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। आईजी ने कहा कि हाल ही में 1 जुलाई से शिलांग में संपन्न चार दिवसीय आईजी बीएसएफ-रीजनल कमांडर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) वार्ता में बांग्लादेशी दलालों और अपराधियों की सूची वाला एक डोजियर बीजीबी को सौंप दिया गया है।



### मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

*त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भी बीएसएफ को निर्देश दिया कि घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ा दी जाए। बीएसएफ ने रविवार को कहा कि उसने सीमा पर अपनी सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इसके अलावा अतिरिक्त टीमों को गहन क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है और राज्य पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका में हाथियों का तांडव, 13 घायल



**कोलंबो।** श्रीलंका में एक हिंदू धार्मिक उत्सव में उस समय अफरा-तफरी मच गया जब जुलूस में शामिल एक हाथी घबरा गया और भागते समय भीड़ में शामिल 13 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी दी। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो फुटेज में हाथी के रखवाले में से एक को उत्तेजित हाथी को नियंत्रित करने के लिए उसकी पूंछ से खींचने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जबकि सड़क पर खड़े चिल्लाते हुए श्रद्धालु बचने के लिए दौड़ रहे थे।

### इजराइल ने की स्कूल पर एयरस्ट्राइक, 16 की मौत



**मास्को।** इजराइली सेना ने गाजा में एक स्कूल पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई और 75 से ज्यादा घायल हो गए। ये स्कूल संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का था, जहां शरणार्थियों को रखा गया था। मरने वालों में ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। 50 घायलों का इलाज किया जा रहा है, बाकी लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया।

### प्रदेश स्तरीय भाजपा की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में हुआ मंथन

# 29 सीटें जीतने के 'मॉडल' को अब देश भर में पहुंचाएगी भाजपा

इसके जरिए प्रदेश भाजपा संगठन की बूथ स्तर की तैयारियों व चुनाव की रणनीति को देश भर के संगठन में पहुंचाया जाएगा

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सत्ता व संगठन दोनों से सरकार चलेगी तो आम लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। संगठन के साथ मिलकर सरकार काम कर रही है। लेकिन, जरूरी यह भी है कि संगठन के लोग सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और लाभ दिलाने के लिए सक्रिय रहें।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मप्र की 29 में से सभी 29 सीटें जीत ली थी। भाजपा इसे मॉडल के रूप में देश भर में पहुंचाना चाह रही है। इसके जरिए प्रदेश भाजपा संगठन की बूथ स्तर की तैयारियों व चुनाव की रणनीति को देश भर के संगठन में पहुंचाया जाएगा, ताकि भाजपा उसी तर्ज पर किसी भी चुनाव में तैयारी कर सके।

रविवार की प्रदेश स्तरीय भाजपा की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में इसी मुद्दे पर मंथन हुआ। वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा चुनाव के अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार की कार्य प्रणाली व रणनीति को बखूबी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पांचवी बार सरकार बनाई है। इसकी कुछ तो वजह होगी। मैं तो यही कहूंगा कि संगठन समझकर सरकार चलाते रहे। सत्ता व संगठन दोनों से सरकार चलेगी तो आम लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा।

इस मौके पर संगठन पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने टिप्स दिए

बैठक में पहली बार प्रदेश के 1099 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए



### 20 जुलाई को जबलपुर में बड़ी समिट होने जा रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के लिए 20 जुलाई को जबलपुर में बड़ी समिट होने जा रही है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने वाला है। अब जिलों में उद्योग लगाने के लिए कार्यशाला आयोजित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनें। प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पौधे लगाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की तमाम उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मप्र में एयर एंबुलेंस, हवाई यात्रा से लेकर बजट को भी उसी अनुरूप बनाने की कोशिश की गई। इस बार के बजट में यह कोशिश हुई कि इसे अगले पांच वर्ष में दोगुना कर दिया जाए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी तारीफ की।

### शिवराज बोले... राहुल गांधी बालक बुद्धि

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी बालक बुद्धि है। हमने राज जन्म भूमि आंदोलन को हराया इससे पता चलता है। वे अभी नेता प्रतिपक्ष भी अच्छे से नहीं बन पाए हैं। शिवराज ने कहा ये 99 सीट के फेर में इतरा रहे हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की परिभाषा नहीं जानते। हिंदू को हिंसक कहने वाले लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां धर्म होता है, वहीं जीत हासिल होती है।

### भाजपा ने 80.56 प्रतिशत बूथ पर जीत का रिकॉर्ड बनाया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 80.56 प्रतिशत बूथ पर जीत का रिकॉर्ड बनाया है। जो 20 प्रतिशत बूथ बचे हैं, उन पर जीत का संकल्प लेकर कार्यसमिति से जाना है। उन्होंने कहा कि 7 विधानसभा ऐसी हैं जो विधानसभा चुनाव में जीती, लेकिन लोकसभा में हारे हैं। इसकी समीक्षा करने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि सभी ने संकल्प लिया था कि 29 की 29 सीटें जीतेंगे और बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत है। छिंदवाड़ा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि गढ़ किसी का नहीं होता। गढ़ बोलने वालों को मप्र से उखाड़कर फेंक दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुड गवर्नेंस पर जोर दे रहे है। पहली बार प्रदेश के 1099 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। उनके अलावा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा सांसद, सभी विधायक, महापौर, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री समेत संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

### पूर्व में भारत ने जताई थी चिंता

# श्रीलंका:विदेशी शोध जहाजों से प्रतिबंध हटाने का किया ऐलान



एजेंसी ⏭ कोलंबो

श्रीलंका ने अगले साल से उनके देश में विदेशी शोध जहाजों के आने पर प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। दरअसल श्रीलंका में भारत और अमेरिका द्वारा हाई-टेक चीनी निगरानी जहाजों के बार-बार श्रीलंका के बंदरगाहों पर डॉक करने पर सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताओं के बाद विदेशी शोध जहाजों पर प्रतिबंध लगाया था। यह जानकारी जापान दौरे पर पहुंचे श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने दी।

### भारत-अमेरिका ने किया था आग्रह

हिंद महासागर में चीनी शोध जहाजों की बढ़ती आवाजाही को लेकर नई दिल्ली ने चिंता जताई थी और आशंका जताई थी कि चीनी जहाज जासूसी जहाज हो सकते हैं और कोलंबो से ऐसे जहाजों को अपने बंदरगाहों पर डॉक करने की अनुमति न देने का आग्रह किया था। भारत द्वारा चिंता जताए जाने के बाद श्रीलंका ने जनवरी में अपने बंदरगाह पर विदेशी शोध जहाजों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस साल की शुरुआत में, श्रीलंका ने एक चीनी जहाज को अपवाद के तहत मंजूरी दी थी, लेकिन प्रतिबंध जारी रखा था। श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार अलग-अलग देशों के लिए अलग-अलग नियम नहीं रख सकती। उनका देश दूसरों के बीच विवाद में किसी का पक्ष नहीं लेगा। उल्लेखनीय है कि दो चीनी जासूसी जहाजों को नवंबर 2023 तक 14 महीने के भीतर श्रीलंका के बंदरगाहों में डॉक करने की अनुमति दी गई थी।

### चीनी जासूसी जहाजों पर उठे थे सवाल

इससे पहले अगस्त 2022 में, चीनी नौसेना का जहाज युआन वांग 5 ने दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा में डॉक किया। नकदी की कमी से जूझ रहा श्रीलंका, वित्तीय मदद के लिए भारत और चीन, दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण भागीदार मानता है।

### केरल के कोट्टायम में मनाया गया जश्न

# भारत के जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद कंजर्वेटिव दिग्गज नेता को दी मात




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटेन के आम चुनाव में हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर पार्टी के नए सांसद 49 वर्षीय सोजन जोसेफ केरल के रहने वाले हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के तौर पर काम करने वाले सोजन जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन जाकर बस गए थे।

### चैरिटी के कई कार्यक्रमों में हो चुके हैं शामिल

चैरिटी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय मैराथन में शामिल होने वाले सोजन जोसेफ ने कहा, मुझे एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व है। मैंने पिछले कुछ सालों में चैरिटी के धन संचय करने वाली गतिविधियों में हिस्सा लिया है, अस्पताल चैरिटी के लिए ड्रैगन बोट रेस शामिल है।

### सोजन की पत्नी भी हैं नर्स

सोजन जोसेफ का एशफोर्ड के स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव है। सोजन जोसेफ के परिवार की बात की जाए तो उनकी पत्नी भी नर्स हैं, जबकि उनके तीन बच्चें हैं। सोजन जोसेफ की शुरुआती पढ़ाई कोट्टायम में हुई थी। बेंगलुरु में बीआर आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में अपनी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। फिर यू के में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री हासिल की।


### ओबामा केयर का नाम किया इस्तेमाल

# हैकर्स का बड़ा अटैक, 1 हजार करोड़ पासवर्ड हो गए लीक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साइबर सिक्योरिटी को लेकर अक्सर सरकार लोगों को सावधान रहने को कहती है। अब साइबर हैकर्स ने एक बड़ा हमला किया है और करीब 1 हजार करोड़ पासवर्ड लीक हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा डेटा लीक का मामला हो सकता है।

**ओबामा केयर नाम का किया इस्तेमाल:** साइबर ने ओबामा केयर नाम के एक यूजर्स ने एक फाइल को पोस्ट किया। इस फाइल का नाम



रॉकीयूडॉटटीएक्सटी है। इस फाइल में डेटा मौजूद है। इसमें कई सेलिब्रिटी की डिटेल्स, उनका अकाउंट का अनऑथराइज्ड एक्सेस लेने के बाद लिया गया है।

**पूर्व में डेटा लीक कर चुका है यह ग्रुप:** रिपोर्ट में बताया कि इससे पहले भी करीब 8.4 बिलियन प्लेन टेक्स्ट पासवर्ड को हैकर्स ने लीक किया था।




### भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व वरदान साबित होंगे

# मरीन एम राफेल के आगे बौने साबित होंगे चीनी नौसेना के लड़ाकू विमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राफेल एम (मरीन) लड़ाकू विमानों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की क्षमताओं और हिंद महासागर क्षेत्र (कडफ) की रणनीतिक गतिशीलता काफी ज्यादा मजबूत हो जाएगी। जानकारी के अनुसार राफेल एम (मरीन), अत्यधिक शक्तिशाली राफेल विमान का एक नौसैनिक वेरिएंट है, जो कई एडवांस फैसिलिटीज लेकर आता है, जो भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच और युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

बता दे कि राफेल मरीन भारतीय नौसेना की क्षमता में अभूतपूर्व विस्तार कर सकता है और कैसे ये चीनी मरीन लड़ाकू विमानों से कम से कम एक दशक आगे हैं।



### समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि

राफेल एम के एडवांस सेंसर नेटवर्क-केंद्रित युद्ध क्षमताएं समुद्री क्षेत्र में जागरूकता में वृद्धि प्रदान करती हैं। एसएलओसीकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### प्रतिरोध और रणनीतिक पहुंच

राफेल मरीन की लंबी दूरी की क्षमताएं, और हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता, भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल पहुंच को काफी बद तक बढ़ा देती हैं।

### समुद्री हवा में उड़ान भरने की जबरदस्त क्षमता

राफेल एम अत्याधुनिक एवियोनिक्स से लैस है, जिसमें थेल्स आरबीई-2 एईएसए रडार और स्पेक्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सिस्टम शामिल है, जिसे मेटियोर के साथ जोड़ा गया है। ये एडवांस सिस्टम्स बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता और युद्ध प्रभावशीलता सुनिश्चित करती हैं, जिससे भारतीय नौसेना को हवाई श्रेष्ठता स्थापित करने, सटीक हमले करने और वायु रक्षा, जमीनी समर्थन और समुद्री हमलों जैसे अलग अलग मिशनों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सकता है।

### कैरियर इंटीग्रेशन और लचीलापन

राफेल मरीन फाइटर जेट को खास तौर पर एयरक्राफ्टर कैरियर से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है, लिहाजा इसमें स्पेशल लैंडिंग गियर, अरेस्टिंग लैंडिग के लिए टेल हुक, फोल्ड करने वाले विंग्स लगाए गए हैं, ताकि एयरक्राफ्ट कैरियर पर रखने में कम जगह लगे। ये विशेषताएं इसे कठर विक्रांत और कठर विक्रमादित्य पर तैनाती के लिए आदर्श बनाती हैं, जिससे हिंद महासागर में हमारी शक्ति प्रक्षेपण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109